Kamal.Sandesh kamalsandesh.org KamalSandesh

# कमल संदेश

वर्ष-18, अंक-22 16-30 नवंबर, 2023 (पाक्षिक) ₹20




‘विकास के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजनवाली सरकार बनाएं’



## ‘भाजपा हमारे वर्तमान और भविष्य दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है’



वार्ड नंबर 52, रायपुर (छत्तीसगढ़) में 29 अक्टूबर, 2023 को 'बूथ संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा




रांची (झारखंड) में 28 अक्टूबर, 2023 को 'संकल्प यात्रा समर्पण समारोह' को संबोधित करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा



तिरुवनंतपुरम (केरल) में 30 अक्टूबर, 2023 को भाजपा प्रदेश नेतृत्व बैठक को संबोधित करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा




सूर्यपिट (तेलंगाना) में 27 अक्टूबर, 2023 को 'जन गर्जना रैली' में जनाभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह



ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में 04 नवंबर, 2023 को एक विशाल जनसभा में जनाभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह



नाथद्वारा में 03 नवंबर, 2023 को एक विशाल चुनावी रैली के दौरान रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते राजस्थान भाजपा के पदाधिकारीगण

# कमल संदेश
पाक्षिक पत्रिका

**संपादक**
प्रभात झा

**कार्यकारी संपादक**
डॉ. शिव शक्ति बक्सी

**सह संपादक**
संजीव कुमार सिन्हा
राम नयन सिंह

**कला संपादक**
विकास सैनी
भोला राय

**डिजिटल मीडिया**
राजीव कुमार
विपुल शर्मा

**सदस्यता एवं वितरण**
सतीश कुमार



**इ-मेल**
mail.kamalsandesh@gmail.com
mail@kamalsandesh.com
फोन: 011-23381428, फैक्स: 011-23387887
**वेबसाइट:** www.kamalsandesh.org


# विषय-सूची




## 06 भाजपा शासन में मध्य प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हो रहा है : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 4 नवंबर, 2023 को रतलाम में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब राज्य में हजारों करोड़ रुपये के घोटाले, अपराधियों का बोलबाला, गरीबों से विश्वासघात, दलितों...





### 16 भाजपा मिजोरम के समग्र विकास के लिए समर्पित है: जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 27 अक्टूबर, 2023 को मिजोरम विधानसभा...

### 18 भाजपा आनेवाले 5 सालों में छत्तीसगढ़ को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेगी : अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने...







### 22 प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय रोजगार मेले को किया संबोधित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न...

### 31 खेल में कभी हार नहीं होती, केवल जीत या सीख होती है: नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक नवंबर को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय...



### श्रद्धांजलि

कर्नाटक के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डी.बी. चंद्रे गौड़ा नहीं रहे 29

### अन्य

जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता : नरेन्द्र मोदी 08

भाजपा उत्कृष्ट मिजोरम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है: नरेन्द्र मोदी 10

विकास के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजनवाली सरकार बनाएं : जगत प्रकाश नड्डा 11

'भाजपा ही विकास की गति तेज करके प्रदेश को संवारेगी' 12

आडवाणीजी ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक: नरेन्द्र मोदी 17

'आइए, हम अमृत महोत्सव के माध्यम से विकसित भारत के अमृत काल की एक नई यात्रा शुरू करें' 20

रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मिली मंजूरी 23

प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने संयुक्त रूप से तीन विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन 24

अक्टूबर, 2023 में जीएसटी संग्रह 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये हुआ 25

मात्र 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम पर 'भारत' आटे का प्रारंभ 26

मोदी स्टोरी 28

कमल पुष्प: डॉ. पी. वी. एन. राजू 29

मन की बात 33



प्रकाशक एवं मुद्रक: डॉ. नन्दकिशोर गर्ग द्वारा मुद्रित, डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास के लिए डॉ. नन्दकिशोर गर्ग द्वारा प्रकाशित, एच.टी. मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)-201306 से मुद्रित एवं डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास, पी.पी.-66, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित। सम्पादक- प्रभात झा

# सोशल मीडिया से



## नरेन्द्र मोदी

दलित, वंचित, आदिवासी और गरीब ही भाजपा सरकार की योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी हैं।

(7 नवंबर, 2023)



## जगत प्रकाश नड्डा

कांग्रेस और करप्शन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं— जहां कांग्रेस होगी, वहां भ्रष्टाचार होगा।

(5 नवंबर, 2023)



## अमित शाह

अशोक गहलोत सच में जादूगर हैं। उन्होंने राजस्थान से बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार व कानून व्यवस्था को गायब कर दिया।

(7 नवंबर, 2023)



## राजनाथ सिंह

मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में आज चार जनसभाओं को संबोधित किया। जो लोग प्रदेश में कड़ी टक्कर मान रहे थे, उन्होंने भी मान लिया है कि इस बार फिर से भाजपा की सरकार ही बनने जा रही है। भाजपा ने इस प्रदेश में और सारे देश में विकास और सुशासन के जो काम किए हैं, उनकी सराहना सभी कर रहे हैं।

(5 नवंबर, 2023)



## नितिन गडकरी

इस प्रयास का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों और माल की गतिशीलता दोनों के लिए एक विश्वसनीय और सुलभ लिंक प्रदान करके क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्नत राजमार्ग साल भर पहुंच की गारंटी देगा, अंततः स्थानीय अर्थव्यवस्था और क्षेत्र के निवासियों को पर्याप्त लाभ पहुंचाएगा।


(2 नवंबर, 2023)




## धर्मेन्द्र प्रधान

भारत में ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी का कैंपस तो बस एक शुरुआत है। जैसाकि हम भारत में वैश्विक शिक्षा के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, हम अपनी 'अमृत पीढ़ी' के लिए और अधिक उज्ज्वल व सुनहरे कल के साथ-साथ एक ऐसे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कोई सीमा नहीं है।

(7 नवंबर, 2023)





# विधानसभा चुनाव: भाजपा दूसरे दलों से मीलों आगे

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के प्रथम चरण में भारी मतदान के साथ ही यह कहा जा सकता है कि भारतीय लोकतंत्र दिनोंदिन और भी अधिक सशक्त एवं सुदृढ़ हो रहा है। लोगों का उत्साह केवल मतदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनकी भागीदारी बड़ी-बड़ी रैलियों, घर-घर प्रचार, चुनावी बहस एवं संपर्क-संवाद, पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार समर्थन एवं नापसंद के प्रत्याशी का जोरदार विरोध सहित पूरी चुनावी प्रक्रिया में देखा जा सकता है। इस पूरे चुनावी यज्ञ में भाजपा की रैलियों एवं चुनाव प्रचार में लोग भारी संख्या में जुट रहे हैं। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि भाजपा अन्य दूसरे दलों से कई मील आगे है। भाजपा की नीतियां एवं कार्यक्रम तथा इसकी केंद्र एवं राज्य सरकारों की उपलब्धियां सुशासन, विकास एवं अंत्योदय के प्रति समर्पित भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की पर्याय बन गई है। भाजपा का संगठन एवं हर कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए अटूट प्रतिबद्धता एवं अथक सेवा का प्रतीक बन गया है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का करिश्माई एवं दूरदर्शी नेतृत्व राष्ट्र को विकसित भारत के स्वप्नों को साकार करने के लिए प्रेरित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा का क्षमतावान एवं परिश्रमी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व तथा करोड़ों समर्पित कार्यकर्ता राष्ट्र का पथ प्रशस्त कर रहे हैं। वंशवादी, सिद्धांतहीन, अवसरवादी एवं वोट बैंक की राजनीति में आकंठ डूबे अन्य राजनैतिक दलों के मध्य भाजपा देश के लिए एकमात्र आशा एवं विश्वास की किरण बनकर उभरी है। परिणाम यह है कि हर चुनाव में जनता अपना असीम आशीर्वाद देकर भाजपा को सर-आंखों पर बिठा रही है।

> **वंशवादी, सिद्धांतहीन, अवसरवादी एवं वोट बैंक की राजनीति में आकंठ डूबे अन्य राजनैतिक दलों के मध्य भाजपा देश के लिए एकमात्र आशा एवं विश्वास की किरण बनकर उभरी है**

अब जबकि छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण में 78 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है, इसमें कोई संदेह नहीं कि वर्तमान में सत्तासीन भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को जनता ने नकार दिया है। शराब घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गोठान घोटाला, महादेव एप्प घोटाला आज राष्ट्रीय समाचारों की सुर्खियों में है। इन घोटालों में राज्य की जनता का हजारों-लाखों करोड़ रुपया लूटा गया है। प्रदेश की प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाई-भतीजावाद इस तरह से हावी रहा है कि विभिन्न पदों पर केवल कांग्रेसियों के रिश्तेदारों को ही चयनित किया गया है। कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ को एक 'एटीएम' की भांति उपयोग कर रहा है, वह आज सबको पता है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार न केवल भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना रही है, बल्कि इसने पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई अनेक विकास की योजनाओं को रोक दिया है। इतना ही नहीं केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही अनेक गरीब-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इन परिस्थितियों में भाजपा पर यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वह छत्तीसगढ़ को कांग्रेस की लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, वोट-बैंक की राजनीति एवं विकास-विरोधी संस्कृति से मुक्त कराए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा जारी भाजपा 'संकल्प-पत्र' छत्तीसगढ़ के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ राज्य को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने वाला है। किसानों की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हुए 'कृषि उन्नति योजना' में धान की खरीद 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक करने का संकल्प है। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख नए आवास निर्माण का प्रावधान है। हर घर को नल से पेयजल आपूर्ति का भी आश्वासन इस संकल्प पत्र में है। मजदूर, भूमिहीन, किसान-मजदूर, महिला, युवा एवं अन्य कमजोर वर्गों के लिए दी गई परियोजनाओं से भाजपा का छत्तीसगढ़ के लिए अटूट प्रतिबद्धता परिलक्षित होता है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मिजोरम के लिए जारी 'दृष्टि पत्र' केवल 'ड्रग्स मुक्त मिजोरम' की बात ही नहीं करता, बल्कि राज्य में खेल-कूद संस्थान एवं खिलाड़ियों के लिए आर्थिक सहायता की भी बात करता है। साथ ही इनमें 'मिजोरम शिक्षा अपग्रेड' तथा 'जिरलाई सिमांथमन' मिशन का भी प्रावधान है। उत्तर-पूर्व के राज्यों के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दृष्टि एवं प्रतिबद्धता हर किसी को मालूम है और पूरी दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है कि इस पूरे क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। आज जब अपने दूरदर्शी एवं विकासोन्मुखी कार्यों से पूरे देश में व्यापक परिवर्तन हो रहा है, भाजपा जनता का भारी विश्वास अर्जित कर रही है। आज चहुंओर कमल का फूल खिल रहा है। ■

shivshaktibakshi@kamalsandesh.org




# भाजपा शासन में मध्य प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हो रहा है : नरेन्द्र मोदी

**पांच राज्यों—मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव नवंबर माह में संपन्न हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेतागण जनसभाओं को संबोधित कर इन राज्यों में कमल खिलाने का आह्वान कर रहे हैं—**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 4 नवंबर, 2023 को रतलाम में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब राज्य में हजारों करोड़ रुपये के घोटाले, अपराधियों का बोलबाला, गरीबों से विश्वासघात, दलितों-पिछड़ों-अदिवासियों पर अत्याचार और राज्य को बीमार बनाने की गारंटी ही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ को देखिए, 5 सालों में कांग्रेस ने इन राज्यों का क्या हाल कर दिया है। दूसरी ओर भाजपा सरकार है, जिसने न सिर्फ भारत को विश्व में 5वें नंबर की आर्थिक शक्ति बनाया है, बल्कि कोरोना के महासंकट में भी देश को पिछड़ने से बचाया है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद आज भारत के गौरव को नई बुलंदी मिली है, नई पहचान मिली है, जिसमें मध्य प्रदेश का भी बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए तो आज लोग कहते हैं कि एमपी के मन में मोदी है और मोदी के मन में एमपी है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में किसी को भी भूखा न सोना पड़े, इसलिए कोरोना के संकटकाल में गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना बनाई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश में पिछले तीन साल से गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। वैसे तो इस योजना का समय एक महीने बाद पूरा हो रहा है, लेकिन मोदी का निश्चय है कि आने वाले पांच साल के लिए इसको बढ़ाया जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। ताकि आने वाले पांच साल तक मेरे 80 करोड़ देशवासियों का चूल्हा जलता रहे।

नारी शक्ति की बात करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार की हर योजना के मूल में माताएं-बहनें और बेटियां हैं। उज्ज्वला योजना के कारण आदिवासी और दलित-पिछड़े

परिवारों की करोड़ों बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है। बहनों को पानी के लिए घर से दूर न जाना पड़े, इसका बीड़ा भी हमने ही उठाया है। हर घर जल अभियान के तहत मध्य प्रदेश के लाखों परिवारों को नल से जल की सुविधा दी जा चुकी है और वो दिन दूर नहीं, जब एमपी के हर घर में पाइप से पानी की सुविधा होगी। डबल इंजन सरकार का क्या फायदा होता है, इसका एक और उदाहरण हमारे जनधन खाते हैं। यहां मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने उन बैंक खातों के माध्यम से बहनों-बेटियों तक सीधी सहायता पहुंचाई। लाडली बहन योजना और लाडली लक्ष्मी योजना की प्रशंसा आज पूरे देश में हो रही है। माताओं-बहनों के सशक्तीकरण की सच्ची कोशिश ही भाजपा सरकार की पहचान है। भाजपा ने महिलाओं को दी एक-एक गारंटी पूरी की है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग पर कांग्रेस बरसों तक बैठी रही। हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं की बरसों पुरानी मांग पूरी की है।

रतलाम में रतलामी सेव का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार लोकल उत्पादों को देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' के तहत रतलामी सेव को चुना गया है। यहां नमकीन क्लस्टर भी स्थापित किया गया है। नए जो औद्योगिक क्लस्टर बन रहे हैं, उनसे भी छोटे-छोटे उद्योगों को बल मिलेगा। नए टेक्सटाइल पार्क से भी अनेक रोजगार बनने वाले हैं। भाजपा के शासन में 21वीं सदी का मध्य प्रदेश अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हो रहा है। रतलाम से भी कभी 8 लेन का एक्सप्रेस वे होकर गुजरेगा, पुरानी पीढ़ी ने ये सोचा भी नहीं होगा। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे की वजह से ये क्षेत्र कोटा और सूरत जैसे शहरों से भी कनेक्ट हो गया है। अब यहां उद्योगों के लिए नया कॉरिडोर बनने जा रहा है। इससे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र के रूप में मालवा और रतलाम की पहचान और सशक्त होगी। ■

## सिवनी और खंडवा

# 'कांग्रेस का नारा रहा है— गरीब की जेब साफ, काम हाफ से भी हाफ'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिवनी में 05 नवंबर, 2023 को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'भाजपा है, तो बेहतर भविष्य है। मध्य प्रदेश की आवाज है—एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी ! इसलिए, फिर एक बार, भाजपा सरकार!' प्रधानमंत्री ने कहा कि एमपी के मन में मोदी क्यों है, इसका एक बड़ा उदाहरण है, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना। उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश के करीब 5 करोड़ साथी मुफ्त राशन के लाभार्थी हैं। इन सभी साथियों को आने वाले 5 वर्ष तक मोदी ने मुफ्त राशन की गारंटी दी है। भाजपा सरकार इस योजना को 5 वर्ष के लिए बढ़ा रही है।" श्री मोदी ने कहा कि गरीब के हक का जो पैसा सरकार ने बचाया है, वो अब गरीब के राशन पर खर्च हो रहा है। घोटालेबाज कांग्रेस सरकार और गरीबों की भाजपा सरकार में यही सबसे बड़ा अंतर है।

आदिवासी समुदाय का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जहां कांग्रेस सरकार में रहती है, वहां सरकारी योजनाएं, रास्ते, गलियां, सब कुछ एक परिवार के नाम कर देती है, एमपी के घोषणापत्र में भी सिर्फ वही एक परिवार दिखता है, जबकि हर गरीब, हर पिछड़ा, हर दलित, हर आदिवासी, भाजपा परिवार का सदस्य है। उन्होंने कहा, "ये भाजपा ही है जिसने पहली बार, बैगा, भारिया और सहारिया जैसी पिछड़ी जनजातियों की सुध ली है। इनके विकास के लिए भाजपा सरकार 15 हजार करोड़ रुपए का एक खास मिशन शुरू करने जा रही है, वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ हमारे कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, बढ़ई, कपड़े धुलने वाले और कपड़े सिलने वालों को मिल रहा है। इन कामों से भी अधिकतर गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवार ही जुड़े हैं।"

श्री मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा, "कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता। कांग्रेस का नारा रहा है—गरीब की जेब साफ, काम हाफ से भी हाफ। यानी कांग्रेस विकास का काम नहीं करती, लेकिन गरीब की जेब जरूर साफ कर देती है। जबकि भाजपा सरकार की पूरी कोशिश लोगों का खर्च कम करने की रही है।"

देश के छोटे किसानों का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इतने साल के अपने शासन में कांग्रेस ने छोटे किसानों को सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया है। कांग्रेस ने कभी भी, छोटे किसानों के लिए योजनाएं नहीं बनाईं। लेकिन मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बनाई, इसका एक बड़ा लाभ सिवनी के किसानों को भी मिला है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस वाले आपसे कर्ज़माफी की झूठी घोषणाएं करते हैं। लेकिन, भाजपा सरकार, किसान को सशक्त करना चाहती है।"

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार माताओं-बहनों-बेटियों के लिए समर्पित सरकार है। गरीबों को जो पक्के घर दिए गए हैं, उसमें भी घर की मालकिन के नाम रजिस्ट्री का प्रावधान है, मां-बहन-बेटी को तकलीफ ना सहनी पड़े, इसलिए टॉयलेट बनाए गए, उन्हें मुफ्त गैस कनेक्शन दिया, बिजली कनेक्शन और नल से जल की सुविधा दी गई है। इन सुविधाओं का एक बड़ा लाभ दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों को हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के सेवाकाल में मध्य प्रदेश, एक सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा, "मैं, फर्स्ट टाइम वोटर्स, अपने युवा साथियों को कहूंगा कि इस बार हर बूथ पर आपको नेतृत्व देना है। एमपी को देश के टॉप-5 राज्यों में लाने के लिए हमें मिलकर कमल खिलाना है।" ■



## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव प्रचार

# 'जहां कांग्रेस रहेगी वहां विकास हो ही नहीं सकता'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 02 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के कांकेर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों की भारी भीड़ के बीच श्री मोदी ने कहा कि राज्य में भाजपा के समर्थन में जो आंधी चल रही है, उसकी एक झलक कांकेर में भी दिख रही है। भाजपा के संकल्प की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे जुड़ने का अवसर उन्हें बस्तर की पावन धरती पर मिला है। विकास को लेकर कांग्रेस की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, "कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता।"

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों के साथ मिलकर भाजपा ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया है और कई चुनौतियों से लड़ते हुए राज्य में नई व्यवस्थाएं बनाईं। उन्होंने कहा, "अब छत्तीसगढ़ 25 साल का होने वाला है। इसलिए, ये चुनाव सिर्फ विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है। बल्कि आप लोगों के भविष्य, आपके बच्चों के भविष्य का फैसला करने का चुनाव है।"

विकास को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा, "बीते 5 वर्षों में कांग्रेस के नेताओं की कोठियां, बंगले और उनकी कारें का विकास हुआ है, लेकिन कांकेर और बस्तर के गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों को क्या मिला? इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है- अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो!"

उन्होंने कहा कि गरीब की चिंता, भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए बीते 9 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनका लक्ष्य एक ही रहा— गरीब का कल्याण।

उन्होंने कहा कि आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस की सरकारें पूरे देश में रही हैं, लेकिन गरीब के घर शौचालय, पानी, गैस कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी कमी थी। लेकिन जनता के आशीर्वाद से इस काम को पूरा करने का अवसर मोदी सरकार को मिला है।

लोगों के स्वास्थ्य और इलाज पर होने वाले खर्च को लेकर श्री मोदी ने कहा, "आज देश के लोगों ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में भी हजारों ऐसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं।" उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बीते सालों में गरीब हित में ये जो भी योजनाएं बनाई हैं, उसका सबसे अधिक लाभ हमारे एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के साथियों को मिला है।

कांग्रेस पर जोरदार प्रहार करते हुए श्री मोदी ने कहा, "मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी पूरा होने की गारंटी। गंगाजी की कसम खाकर झूठी घोषणा करने का काम सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। 9 साल पहले तक जो काम असंभव लगते थे, वो काम भी हमने पूरे किए हैं, क्योंकि उनकी गारंटी मोदी ने दी थी।"

उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण किसी का न हो और विकास से वंचित कोई न रहे, ये भाजपा की नीति है। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "यहां के मुख्यमंत्री के बारे में कहा जाता है— 30 टके कक्का- आपका काम पक्का। ऐसे 30 टके कक्का वाली कांग्रेस सरकार को अब आपको बाहर का रास्ता दिखाना है।"

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे बड़ा धोखा, छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ किया है, जो वादे किए, वो तो पूरे किए नहीं, उल्टा भर्तियों से

सैकड़ों करोड़ रुपए कमा लिए। उन्होंने कहा, "छत्तीसगढ़ को लूटने वाला, युवाओं को धोखा देने वाला, कितना भी ताकतवर क्यों न हो, वो बचेगा नहीं।"

उन्होंने कहा, "कांग्रेस के वादे, बस्तर के उस मक्का प्लांट की तरह है, जिसका सालों पहले इन्होंने गाजे-बाजे से शिलान्यास किया था, लेकिन मक्का प्लांट को भी लटका दिया गया। लेकिन आज बस्तर के किसान पूछ रहे हैं कि- बताओ कक्का, कहां गया हमारा मक्का?

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए छत्तीसगढ़ का तेज विकास जरूरी है। उन्होंने कहा, "हमें आने वाले 5 वर्षों में समृद्ध छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत करनी है। इसलिए, कांकेर सहित पूरे बस्तर की हर सीट पर भाजपा ने ऊर्जावान और आपके लिए समर्पित उम्मीदवार दिए हैं। ये कमल के सिपाही हैं और कमल, समृद्धि का प्रतीक है, हमारी संस्कृति का प्रतीक है। हर बूथ पर भाजपा के इन उम्मीदवारों को मिलने वाला आशीर्वाद मोदी को ही मिलेगा।' ■

## दुर्ग

# 'छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया और भाजपा ही संवारेगी'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 04 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे कई बार दुर्ग आ चुके हैं, लेकिन ऐसा माहौल पहली बार देखा है। उन्होंने कहा कि इतनी विशाल संख्या में आए लोगों का मतलब साफ है कि इस बार दुर्ग के लोगों ने एक नए रिकॉर्ड के साथ भाजपा की सरकार बनाने की ठान ली है। इस जनसभा में श्री मोदी ने एक बहुत बड़ी घोषणा की। दिसंबर में पूरी हो रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को केंद्र सरकार अगले पांच साल के लिए बढ़ाएगी।

श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में भाजपा के जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा की और कहा कि यहां के माताएं-बहनें, युवाओं और किसानों की प्राथमिकता देना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि जो कहती है उसे करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया और मैं गारंटी देता हूं कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ही संवारेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, "2014 में सरकार में आने के बाद गरीब कल्याण को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाई, ताकि जो गरीबी में जिंदगी जीते आ रहे हैं अब उनके बच्चों के नसीब में वो गरीबी नहीं रहे। हमने ऐसी-ऐसी नीतियां बनाईं कि हर गरीब अपनी गरीबी को खत्म करने और उसे पराजित करने का सबसे बड़ा सिपाही बनकर मोदी का साथी बन गया।" उन्होंने कहा कि मोदी के लिए देश की सबसे बड़ी एक ही जाति है और वो है गरीब। जो गरीब है, मोदी उसका सेवक है, मोदी उसका भाई है, मोदी उसका बेटा है। भाजपा की जन कल्याण नीतियों के कारण ही हमारे सेवाकाल के सिर्फ 5 साल में ही साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर एक तरफ भाजपा की प्राथमिकता गरीब कल्याण है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार है। प्रदेश में पांच साल से चल रही कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से अपनी तिजोरियां भरना, अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना ही कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। पीएससी घोटाले में कांग्रेस ने यही तो किया है। 30 टका कक्का, आपका काम पक्का! यह वाक्य आज प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के जुबान पर चढ़ चुका है। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टक्के का खेल पक्का है। इसलिए 30 टका सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। तभी तो आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है.. अउ नई सहिबो... बदल के रहिबो!

श्री मोदी ने कांग्रेस की लूट की आदत पर चोट करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। इसने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में हुई कार्रवाई की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वहां रुपयों का ढेर मिला है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से इसका तार जुड़ने की मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री मोदी ने कहा कि उन्हें प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपियों के साथ उनका क्या संबंध है? आखिर क्यों ये पैसा पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री बौखला गए हैं? वे अब देश की जांच एजेंसियों और देश के सुरक्षाबलों को भी गाली देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के रिपोर्ट कार्ड में घोटालों की कमी नहीं है। 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 500 करोड़ रुपए का सीमेंट घोटाला, 5 हजार करोड़ रुपए का चावल घोटाला, 1300 करोड़ रुपए का गोठान घोटाला, 700 करोड़ रुपए का डीएमएफ घोटाला, 500 करोड़ रुपए का चावल कस्टम मिलिंग घोटाला, सैकड़ों करोड़ रुपए का कोरोना सेस घोटाले के अलावा कई और घोटाले दर्ज हैं।

अपने संबोधन के दौरान श्री मोदी ने कहा कि उनकी योजना हमेशा गरीब केंद्रित रही है। तभी तो जब देश में कोरोना महामारी का संकट आया। पूरी दुनिया संकट में थी। उस समय भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की, ताकि देश में गरीब का एक भी बच्चा भूखा ना सो सके। इसी योजना के कारण छत्तीसगढ़ के लाखों गरीबों को मुफ्त में चावल और चना मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के हिसाब से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इस दिसंबर में पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं देश के गरीब भाइयों-बहनों को आज दुर्ग की धरती से बताना चाहता हूं कि मैंने निश्चय कर लिया है। देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह कोई चुनावी वादा नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। ■

## मिजोरम की जनता को प्रधानमंत्री का संबोधन

# भाजपा उत्कृष्ट मिजोरम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है: नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 05 नवंबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मिजोरम की जनता को संबोधित करते हुए कहा, "2014 से पहले लोग मिजोरम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों को शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से दिल्ली से दूर मानते थे। भाजपा ने दूरी की इस भावना को पहचाना और 2014 में एनडीए सरकार बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्यों की आकांक्षाओं और जरूरतों को संबोधित करके इस अंतर को पाटने को प्राथमिकता दी।

"पिछले नौ वर्षों में मुझे 60 बार पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करने का सौभाग्य मिला है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर विकास और कनेक्टिविटी कार्यों ने भी भौतिक दूरी को कम किया है। भाजपा देश की राजधानी दिल्ली को उत्तर-पूर्व के लोगों के दरवाजे तक ले आई है।"

इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, "मिजोरम की मेरी पिछली यात्राओं में से एक के दौरान मैंने 'परिवहन द्वारा परिवर्तन' के लिए काम करने का वादा किया था। तब से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के काम के कारण सभी क्षेत्रों में एक क्रांति आई है। रेलवे में हमने वो किया जो आजादी के सात दशकों में नहीं हुआ। जब सड़क मार्गों की बात आती है, तो पूरे पूर्वोत्तर में हमारा काम सर्वविदित है। 2013-14 तक पूर्वोत्तर में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 8,500 किलोमीटर थी। हमने 2022-23 में इसे लगभग दोगुना कर 15,700 किलोमीटर कर दिया है।"

पूरे पूर्वोत्तर में हमारा काम सर्वविदित है। 2013-14 तक पूर्वोत्तर में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 8,500 किलोमीटर थी। हमने 2022-23 में इसे लगभग दोगुना कर 15,700 किलोमीटर कर दिया है

### मिजोरम का विकास

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मिजोरम में विभिन्न विकासात्मक पहलों के प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख किया, जो गरीबों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है, इस योजना के माध्यम से मिजोरम के लगभग 4.5 लाख निवासियों को लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों के समर्थन के बारे में बात की, जिससे मिजोरम के लगभग 1,75,000 किसानों को सालाना वित्तीय सहायता मिल रही है।

प्रधानमंत्री ने ऐलान किया, "आप जानते हैं कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई थी। इस योजना के तहत पिछले तीन वर्षों से देश के 80 करोड़ गरीब नागरिकों को मुफ्त राशन सुनिश्चित किया गया है। अब हमारी सरकार ने फैसला किया है कि गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। कोई गरीब भूखा न रहे; हर गरीब को मुफ्त राशन मिले; यह मोदी की गारंटी है।"

### स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन में मिजोरम के लोगों को उनके काम के लिए धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, "यह आप ही हैं जिन्होंने मिजोरम को 100 प्रतिशत कार्यात्मक सार्वजनिक शौचालयों वाला राज्य बनाया है। यह आप ही हैं जो स्वच्छ और हरित मिजोरम का निर्माण कर रहे हैं।"

खेल प्रतिभा और बुनियादी ढांचे के बारे में श्री मोदी ने कहा, "भारत के युवा हर वैश्विक खेल टूर्नामेंट में भारत का झंडा और ऊंचा फहरा रहे हैं। पूर्वोत्तर में खेलों के प्रति बहुत जुनून है। मिजोरम सहित इस क्षेत्र ने भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम समग्र खेल बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भविष्य में युवा एथलीटों के लिए खेल अकादमी बनाने और छात्रवृत्तियां देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ■

# विकास के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजनवाली सरकार बनाएं : जगत प्रकाश नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 03 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश में कई जनसभाओं और रोड शो को संबोधित किया और मध्य प्रदेश की जनता से विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजनवाली सरकार का गठन करने का आह्वान किया।

श्री नड्डा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारें जनता की नहीं, बल्कि केवल अपने परिवार हित, किसी विशेष जाति और अपनी पार्टी का भला सोचती हैं लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम करती है। मोदी सरकार ने गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसानों को ताकत देने का काम किया है।

कांग्रेस पर हमले की धार को और तेज करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के राज में जनता को घोटाले मिले। एक तरफ घोटालों की कांग्रेस और दूसरी तरफ मोदीजी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है। मोदी सरकार में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। ये आज भारत की तस्वीर है। लंबे समय तक कांग्रेस और यूपीए की सरकार 'महिला आरक्षण बिल' पर बैठी हुई थी, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं था। मोदीजी के नेतृत्व में संसद में 'नारीशक्ति वंदन विधेयक' दो दिन के अंदर पास हो गया। मोदीजी की इच्छाशक्ति से ये बिल 2 दिन में पास हो गया और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल गया।

श्री नड्डा ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार को 'घोटालों की सरकार' कहकर संबोधित किया। उन्होंने जनता को याद दिलाया कि कमलनाथजी के रिश्तेदारों और ओएसडी के घर से ढेर सारा काला धन निकला था। उन्होंने जनता से कहा कि कमलनाथ और उनके संगी साथियों के खिलाफ केस चलने चाहिए। कमलनाथ को घेरते हुए उन्होंने कहा कि 'काजल की कोठरी में रहोगे, तो कालिख तो लगेगी ही।' उन्होंने कहा कि 2003 से पहले मध्य प्रदेश में कांग्रेस की मिस्टर बंटाधार सरकार थी। उस सरकार ने किस तरह मध्य प्रदेश में दुर्व्यवस्था फैलाई थी, यह मध्य प्रदेश की जनता जानती है। कांग्रेस की नीति थी कि वोट मांगो, लेकिन विकास मत करो। कांग्रेस के कार्यकाल में मध्य प्रदेश के लोगों को 'कोयला घोटाला', 'कॉमन वेल्थ घोटाला', '2G घोटाला', 'आदर्श घोटाला' ऐसे अनेक घोटालों की बात कही। कांग्रेस की सरकार घोटालों की सरकार है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी की घोटालों वाली सरकार है, दूसरी तरफ मोदीजी के नेतृत्व में विकास की राह पर अग्रसर भारत वाली सरकार है।




श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को 5 किलो गेहूं, 5 किलो चावल, और 1 किलो दाल मुफ्त प्रदान की गई। इस योजना से 13.5 करोड़ गरीब लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर के 4 करोड़ गरीबों को घर देने का काम प्रधानमंत्री मोदीजी की सरकार ने किया है। मध्यप्रदेश में भी पीएम आवास योजना के तहत लाखों घरों का निर्माण किया जाना था, हालांकि कमलनाथ सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए 2 लाख घरों के लिए आवंटित धन को वापस कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उस दौरान मध्य प्रदेश के गरीबों को आवास की सुविधा नहीं मिल सकी। उज्ज्वला योजना के तहत मध्यप्रदेश में 2.85 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला, जिससे उन्हें ताकत मिली। जल जीवन मिशन के तहत देशभर में 10 करोड़ लोगों के घरों में नल कनेक्शन लगाए गए, जिनमें से मध्यप्रदेश में 5.5 लाख और रीवा में 1.5 लाख शामिल हैं। हालांकि, कमलनाथ सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के लिए आवंटित 248 करोड़ रुपये को 15 महीने के भीतर वापस भेज दिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 52.5 लाख लोगों को शौचालय (इज्जत घर) आवंटित किए गए। 'किसान सम्मान निधि' योजना के तहत देशभर में 94 लाख किसानों को लाभ मिल रहा है, जिनमें से रीवा के 2.60 लाख किसान शामिल हैं। आयुष्मान भारत में जहां 13 करोड़ परिवारों को लाभ मिल रहा है, वही 83 लाख परिवारों को मध्य प्रदेश में मिल रहा है। इसमें रीवा के 2 लाख परिवार भी शामिल हैं। रीवा में हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने के लिए 300 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ■

एक तरफ कांग्रेस पार्टी की घोटालों वाली सरकार है, दूसरी तरफ मोदीजी के नेतृत्व में विकास की राह पर अग्रसर भारत वाली सरकार है

# 'भाजपा ही विकास की गति तेज करके प्रदेश को संवारेगी'



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 05 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही की कोटा विधानसभा और बिलासपुर के चिल्हाटी गांव (मस्तूरी) में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस की भूपेश बघेल पर करारा हमला किया। उन्होंने नारायणपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रतन दुबे की नक्सलियों द्वारा हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्री नड्डा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का विकास के साथ 36 का आंकड़ा है और कोई संबंध नहीं है। जहां कांग्रेस है, वहां भ्रष्टाचार और अनाचार होता है। इसलिए 'औउ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो'। भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी ने छत्तीसगढ़ को राज्य बनाया और इस प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याण एवं विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारकर छत्तीसगढ़ को सजाया और संवारा है। उनकी नीतियों और योजनाओं के कारण ही आज राज्य में विकास संभव हो पाया है। इसलिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ को बनाया है और भाजपा ही विकास की गति को तेज करके प्रदेश को संवारेगी।

> **कांग्रेस पार्टी का विकास के साथ 36 का आंकड़ा है और कोई संबंध नहीं है। जहां कांग्रेस है, वहां भ्रष्टाचार और अनाचार होता है**

श्री नड्डा ने प्रधानमंत्रीजी द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में जहां 80 करोड़ की जनता को 5 किलो गेंहू या चावल और 1 किलो दाल दिया जा रहा है। अब मोदीजी ने घोषणा की है कि अगले 5 साल तक 80 करोड़ की जनता को 5 किलो गेहूं या चावल और 1 किलो दाल दिया जाता रहेगा, ताकि कोई भूखा नहीं सोएगा। छत्तीसगढ़ में भी लगभग 2 करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इसका सकारात्मक असर पड़ा है कि आज भारत में 13.5 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठ गए हैं और देश में अति गरीबी 1% से भी कम है।

श्री नड्डा ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों में केंद्र सरकार के योगदान को उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी-चौड़ी सड़कों का निर्माण हो रहा है, हाईवे का निर्माण किया जा रहा है और बुनियादी ढांचे के विकास के कार्य प्रगति पर हैं। इनके माध्यम से राज्य को केंद्र सरकार की नई-नई योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। रायपुर से धनबाद तक 4 से 6 लेन इकोनॉमिक कॉरीडोर का निर्माण किया जाएगा, रायपुर से विशाखापट्टनम तक इकोनॉमिक कॉरीडोर का निर्माण किया जाएगा, और नई सड़कों और राजमार्गों का निर्माण किया जाएगा। यह सभी विकास कार्य पूरा होने के बाद से छत्तीसगढ़ एक विकसित राज्य बनकर देश के अग्रणी राज्यों मे शामिल हो पायेगा।

प्रधानमंत्रीजी ने 284 करोड़ रुपए नेशनल हेल्थ मिशन के तहत बिलासपुर भेजे। बिलासपुर से वंदे भारत चल रही है, बिलासपुर से पथरी पाली नेशनल हाईवे के लिए पैसा दिया गया है। लाल खदान ओवर ब्रिज के लिए हमारी सरकार ने ही पैसा दिया था और मस्तूरी में 30 बेड अस्पताल के लिए 32 करोड़ रुपए भी दिए गए थे।

श्री नड्डा ने भूपेश बघेल सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अगर आपने गलती से भी फिर से कांग्रेस की सरकार बनाई तो लूट की गारंटी पक्की है, आपके पैसों के ऊपर डाका डाला जाएगा। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या भूपेश बघेल ने पिछले 5 साल में शराब घोटाला नहीं किया? क्या उन्होंने 5000 करोड़ रुपये के चावल खरीदी घोटाले में शामिल नहीं थे? क्या उन्होंने 540 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में हाथ नहीं मिलाया? क्या उन्होंने गौठान घोटाले को अंजाम नहीं दिया? उन्होंने बघेल सरकार पर महादेव के अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल जी ने महादेव को भी नहीं छोड़ा और उसमें भी 5,000 करोड़ रुपये का घोटाला कर डाला, सत्ता पाने के लिए सट्टा लगाने लगे। महादेव सट्टा ऐप के आरोपों से जुड़े एक आरोपी असीम दास ने यह बताया है कि इस चुनाव में भूपेश बघेल को अब तक 508 करोड़ रुपये दिए गए हैं। ऐसे घोटालेबाज सरकार को प्रदेश में वापस नहीं लाना है, इसलिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएं। ■

खनेता, मध्य प्रदेश

# भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ रहा है: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 05 नवंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट के अंतर्गत खनेता में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई किसी भी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है, तो भारत उन्हें समाप्त करने में समक्ष है और यदि आवश्यक हो तो सीमा पार भी ऐसी कार्रवाई की जा सकती है।



उन्होंने कहा, "पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में विदेशों में लोग कहते थे कि भारत कमजोर देश है। दुनिया हमारी बातों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है और अगर भारत कुछ कहता है, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दुनिया खुले मन से उसे सुनती है। अब भारत कोई कमजोर देश नहीं है।" उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को धमकी देने की हिम्मत नहीं कर सकती।

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पहले बीमारू राज्य था, लेकिन देश के लोग अब कह रहे हैं कि अगर किसी को विकास देखना है तो मध्य प्रदेश जाना चाहिए। यह देश का सबसे स्वच्छ राज्य है। 2001-02 में मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय केवल 11,718 रुपये थी, जो 2023 में 10 गुना बढ़कर 1.40 लाख रुपये से अधिक हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में विकास दर भारत की औसत जीडीपी से अधिक है।

श्री सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है जहां सरकार किसानों को 'प्रधानमंत्री सम्मान निधि' के तहत वितरित की जाने वाली समान राशि के अलावा अपने खजाने से प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है। ■

राजसमंद एवं नाथद्वारा, राजस्थान

# 'कांग्रेस ने राजनीति में 'विश्वास के संकट' को बढ़ावा दिया'

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 03 नवंबर, 2023 को राजस्थान के राजसमंद और नाथद्वारा में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा अपने वादों को पूरा करने में विफलता के कारण राजनीतिक नेताओं में लोगों का विश्वास कम हो गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने इसे एक चुनौती मानकर लोगों का विश्वास कायम करने के लिए कदम उठाए हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कथनी और करनी के बीच का अंतर था, जिसे कांग्रेस ने बढ़ा दिया, जिससे राजनीतिक व्यवस्था में लोगों का विश्वास कम हो गया। रक्षा मंत्री ने कहा राजस्थान के लोग जानते हैं कि 2018 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा किए गए कितने वादे वास्तव में पूरे हुए हैं। "जब भी चुनाव आते हैं, कांग्रेस आश्वासन देना शुरू कर देती है। इस तरह की राजनीति सरकार बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन यह समाज और राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकती।"

श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार न केवल प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है, बल्कि वह अपने आंतरिक संघर्षों और अनुशासन की कमी से निपटने में भी असमर्थ है। उन्होंने कहा कि जहां सत्तारूढ़ दल में गुटबाजी ने प्रदेश के शासन को प्रभावित किया है, वहीं अपराधों और सांप्रदायिक घटनाओं में वृद्धि ने प्रदेश में शांति को भंग किया है।

भिंड में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा भी तय करेगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता श्री नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है, लेकिन विपक्षी गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य विकास लाना नहीं, बल्कि श्री मोदी का विरोध करना है। ■



# तुष्टीकरण की राजनीति करनेवाली गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकें: अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने 7 नवंबर, 2023 को राजस्थान के कुचामन (नावां विधानसभा), मकराना और परबतसर में विशाल चुनावी जनसभाओं तथा जसूरी बाईपास और बिदियाद (नागौर) में रथ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने राजस्थान की जनता से भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण की राजनीति की पराकाष्ठा करनेवाली कांग्रेस की गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए भाजपा की 'डबल इंजनवाली' विकास के प्रति समर्पित सरकार बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि अशोक गहलोत की सरकार में खनन विभाग में 66 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और अवैध खनन उस सीमा तक बढ़ गया कि एक संत को आत्मदाह कर भूमि की रक्षा के लिए जान देनी पड़ी, फिर भी गहलोत साहब की नींद नहीं उड़ती। उदय सागर झील में 2,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। शिक्षा मंत्री के सामने ट्रांसफर में पैसा लेने का आरोप लगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की नाक के नीचे से लगभग ढाई करोड़ रुपये और 1 किलो सोना जब्त हुआ। इस तरह की घटना इससे पहले देश में कहीं नहीं हुई। काली



सिंह बांध के नाम पर 200 करोड़ रुपये, गरीबों के राशन में 100 करोड़ रुपये और वृद्धा पेंशन में 4.5 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश में महिलाओं पर अत्याचार में नंबर 1 है, यहां हर रोज 19 मामले महिलाओं पर अत्याचार के दर्ज होते हैं लेकिन अशोक गहलोतजी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।

श्री शाह ने हुंकार भरते हुए राजस्थान की जनता से आह्वान कि अशोक गहलोत ने तुष्टीकरण की राजनीति करने में सभी सीमाएं लांघ दी हैं, 2019 में टोंक में हिंसा हुई, 2020 में डूंगरपुर में, 2021 में बारां और झालावाड़ में, 2022 में करौली, जोधपुर, छाबड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नोहर, मेवात, मालपुरा और जयपुर इन सभी जगहों पर कौमी हिंसा हुई। उदयपुर में दिन दहाड़े कन्हैया लाल का सिर काटकर उनकी हत्या कर दी गई। अशोक गहलोत जी जवाब दें कि जब कन्हैया लाल का सिर काट दिया गया, तब आपने क्या किया? उखाड़ फेंकिए, कांग्रेस की गहलोत सरकार को जो इस तरह की तुष्टीकरण की राजनीति करती है। ■



# 'जनता को करप्शन नाथ नहीं, बल्कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित भाजपा सरकार चाहिए'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने 04 नवंबर, 2023 को मध्यप्रदेश के शिवपुरी, पिछोर और श्योपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और मध्य प्रदेश की जनता से राज्य के विकास के लिए विकास के प्रति समर्पित 'डबल इंजनवाली' भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें करप्शन नाथ नहीं, बल्कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजनवाली सरकार चाहिए, उन्हें 2G घोटाला करने वाली सरकार नहीं बल्कि 5G की गति देने वाली सरकार चाहिए, उन्हें 'पॉलिटिक्स ऑफ परिवार' नहीं, बल्कि 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' वाली सरकार चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि यदि मध्य प्रदेश को मुख्यधारा में स्थापित करना है तो इसके लिए लोगों को डबल इंजनवाली सरकार को आगे लाना होगा। मध्य प्रदेश में एक तरफ कांग्रेस, जिसने प्रदेश को कई सालों तक अंधेरे में रखकर बीमारू राज्य बनाया, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा की सरकार है जिसने 18 वर्षों में किसान, दलित, पिछड़ा वर्ग,



आदिवासी, महिला और युवा हर एक के कल्याण के लिए काम किया।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस और गरीब कल्याण का आपस में कोई लेना-देना नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 9 साल में गरीबों को सम्मान दिलाने और उनके सशक्तीकरण का काम किया है। भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' हर साल मध्य प्रदेश के 93 लाख किसानों के बैंक खातों में 12 हजार रुपए डालती है। हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश में 65 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया, 3 करोड़ 70 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभ दिया है, 80 लाख शौचालय बनवाये हैं, 5 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ पहुंचाया, लगभग 82 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया, 36 लाख से ज्यादा गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत घर दिया और सबको मुफ़्त में कोरोनारोधी दोनों डोज लगाए। अब हमारे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि भाजपा की सरकार बनने पर वे मध्य प्रदेश में 450 रुपए में जनता को घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध कराएंगे। ■

# 'भ्रष्टाचार करनेवाली कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को छत्तीसगढ़ से हटाना है'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने 03 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में आयोजित विशाल 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित किया और छत्तीसगढ़ की जनता से भ्रष्टाचारी और घोटालेबाज कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से डबल इंजन वाली सरकार बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि भूपेश सरकार ने 2000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया, 540 करोड़ रुपये का कोयला परिवहन घोटाला किया, 1980 से राजनीति में होने के बाद भी मैंने आज तक गाय के गोबर में पैसा खाने वाला आदमी अपने जीवन में नहीं देखा, यह तो गाय के गोबर में भी पैसा खा गए। इन्होंने 1300 करोड़ रुपये का गौठान घोटाला किया, 600 करोड़ रुपये का पीडीएस घोटाला किया, 5000 करोड़ रुपये का महादेव एप घोटाला किया, पब्लिक सर्विस कमीशन में घोटाला किया।

श्री शाह ने कहा कि भूपेश सरकार ने कोरोना के फंड में घोटाला किया, डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फंड के 700 करोड़ रुपये जो ट्राइबल क्षेत्र




के लिए आए थे उसका घोटाला किया और कई सारे घोटाले अभी बाहर आना बाकी हैं। भूपेश बघेल की सरकार वादा खिलाफी की सरकार है, इन्होंने कहा था कि 10 दिन के अंदर 1,80,000 संविदा कर्मियों को परमानेंट कर देंगे, महतारी सम्मान योजना में हर महीने 500 रुपये देने का वादा, प्रतिवर्ष 4 गैस सिलिन्डर मुफ़्त देने का वादा, 5000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। भूपेश बघेल ने कहा था कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी करेंगे, बिजली का बिल आधा करेंगे, सिंचाई का रकबा पांच साल में दोगुना करेंगे, 1000 बेड के नए अस्पताल ट्राइबल क्षेत्र में बनाएंगे, ये सारे वादे किये पर पूरा एक भी नहीं किया, भ्रष्टाचार किया। सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ गया, नक्सलवाद बढ़ गया, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया, कानून-व्यवस्था को ध्वस्त कर भूपेश बघेल सरकार ने समाप्त कर हजारों करोड़ रुपये के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने का काम किया है। भ्रष्टाचार करनेवाली सरकार, गरीबों की दुश्मन, कांग्रेस के पंजे को छत्तीसगढ़ से हटाना है। ■



# 'नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार की जनता को धोखा दिया'

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने 05 नवंबर, 2023 को बिहार के मुजफ्फरपुर में पताही एयरपोर्ट मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'पलटूराम' की संज्ञा देते हुए कहा कि पलटूराम ने प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में जनता ने जब भी आशीर्वाद दिया इस पलटूराम ने जनादेश का अपमान किया।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जंगलराज के खिलाफ वोट दिया था, मगर पलटूराम नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार की जनता को जंगलराज की भेंट चढ़ा दिया है।

श्री शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री पर बरसते हुए कहा कि मैं आज यहां पलटू बाबू को कहने आया हूं कि आपने बिहार की जनता के जनादेश का द्रोह किया है, लेकिन मोदीजी ने 9 साल में इस देश में से आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये आरजेडी और जदयू धारा 370 हटाने के पक्ष में नहीं थी, उनका कहना था कि धारा 370 हटाओगे तो कश्मीर




में खून की नदियां बहेंगी। लालूजी, खून की नदियां छोड़ो किसी की कंकर फेंकने की हिम्मत नहीं हुई है। मोदीजी ने ट्रिपल तलाक को प्रतिबंधित किया, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकवाद की कमर तोड़ने का काम किया, चंद्रमा पर तिरंगा पहुंचाने का काम किया, नया संसद भवन बनाने का काम किया और माताओं-बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण विधानमंडल और संसद में देकर मातृशक्ति का सम्मान करने का काम भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

श्री शाह ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका एक ही एजेंडा है—प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना। इनको जब शासन मिला, तब 12 लाख करोड़ रुपये के घपले घोटाले किए थे और भ्रष्टाचार का विरोध करनेवाले नीतीश बाबू आज इन लोगों के साथ सत्ता का सुख भोग रहे हैं। नीतीशजी, शर्म कीजिये, आपने जिंदगी भर लालू की खिलाफत करके राजनीति की, आज लालू की गोद में बैठे हो। ■

# भाजपा मिजोरम के समग्र विकास के लिए समर्पित है: जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 27 अक्टूबर, 2023 को मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का 'दृष्टिपत्र 2023' जारी किया। 'दृष्टिपत्र' में एथलीटों के लिए छात्रवृत्ति के साथ खेल अकादमी, मिजोरम ओलंपिक मिशन की स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण विकासात्मक पहलों का वादा किया गया। इसके अतिरिक्त सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का वादा भी किया गया है। श्री नड्डा ने कहा कि यह मिजोरम में अगले पांच वर्षों के लिए हमारे विजन को रेखांकित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।




भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है। श्री नड्डा ने कहा कि मिजोरम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र एक समय हड़तालों, नाकेबंदी, विद्रोह, अपहरण, लक्षित हमलों और हत्याओं जैसे मुद्दों से त्रस्त था। अतीत में यह एक सामान्य घटना थी। हालांकि, एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद हमने क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव को महसूस किया है।

उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। इसके अतिरिक्त, लगभग 66 प्रतिशत प्रभावित क्षेत्रों से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है, जो क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मिजोरम और उसके पड़ोसी राज्यों में कानून-व्यवस्था में सुधार को दर्शाता है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा की एक्ट ईस्ट नीति का पूर्वोत्तर क्षेत्र पर सकरात्मक प्रभाव पड़ा है। विशेष रूप से पूर्वोत्तर के विकास के लिए 15,867 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 1,150 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पिछले नौ वर्षों में विभिन्न विकास पहलों के लिए 3.37 लाख करोड़ का बजट आवंटन किया गया है।

श्री नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा मिजोरम के समग्र विकास के लिए समर्पित है और हमने मिजोरम के लोगों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की है। वह एक बार फिर मिजोरम के लोगों से भारतीय जनता पार्टी और उसके उम्मीदवार का समर्थन करने का अनुरोध करते हैं।

### भाजपा के 'दृष्टिपत्र 2023' की मुख्य बातें

श्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि यह 'दृष्टिपत्र' उनकी योजनाओं की रूपरेखा को दिखाता है और पूरे राज्य में युवाओं के बीच नशीली दवाओं की लत को छुड़ाने के लिए 'ड्रग-मुक्त मिजोरम' नामक एक अभियान शुरू करने का प्रस्ताव करता है। इसके अतिरिक्त हम क्रमशः 250 करोड़ और 350 करोड़ के बजट के साथ 'मिजोरम एजुकेशन-अपग्रेड और ज़िरलाई सिमथमन मिशन' नामक एक मिशन शुरू कर रहे हैं।

- मिजोरम को एक खेल अग्रणी राज्य बनाने और मिजो युवाओं को ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए भाजपा मिजोरम ओलंपिक मिशन शुरू कर रही है।
- केंद्र सरकार के सहयोग से जोरम मेडिकल कॉलेज को क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में अपग्रेड किया जाएगा।
- रानी रोपुइलियानी महिला सशक्तीकरण योजना के तहत प्रत्येक बालिका को 1.5 लाख की संचयी वित्तीय सहायता मिलेगी।
- भाजपा सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लेकर आयेगी।
- 400 करोड़ रुपये के साथ मिजोरम शहरी विकास अवसंरचना मिशन के तहत बिजली, शहरी कनेक्टिविटी और सड़कों का विकास किया जाएगा।
- ममित की सफलता के आधार पर भाजपा सियाहा को एक आकांक्षी जिले के रूप में शामिल करेगी और मिजोरम ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास मिशन और 950 करोड़ रुपये की राशि के साथ सभी गांवों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- भाजपा 'आयुष्मान भारत' परिवार स्वास्थ्य बीमा को दोगुना कर 10

**पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी 96 वर्ष के हुए; प्रधानमंत्री मोदी बधाई देने उनके आवास गए**

# आडवाणीजी ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक: नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 08 नवंबर, 2023 को वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी से उनके 96वें जन्मदिन पर मुलाकात की और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, "आडवाणीजी के आवास पर गया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।" प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में आडवाणीजी के साथ तस्वीरें भी साझा कीं।





**कमल संदेश की ओर से**
**पूर्व उप-प्रधानमंत्री**
**श्री लालकृष्ण आडवाणी**
**को जन्मदिन की शुभकामनाएं तथा**
**उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना।**

इससे पहले श्री मोदी ने श्री लालकृष्ण आडवाणी को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने लिखा, "लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की बधाई। वह ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक हैं, उन्होंने देश को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रगति और एकता को आगे बढ़ाया है।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके प्रयास 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करते रहेंगे।"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) श्री बीएल संतोष सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी मुलाकात की।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा, "अपने सतत परिश्रम और संघर्ष से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को देश भर में विस्तारित कर सांस्कृतिक एकता के सूत्र में पिरोने वाले आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। राष्ट्र व संगठन को समर्पित आपके कार्य हम सभी कार्यकर्ताओं की प्रेरणा है। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।''


रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "श्रद्धेय आडवाणीजी के घर जाकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखें और दीर्घायु करें।"

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भी आडवाणीजी को शुभकामनाएं दीं और कहा, "आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने अपने अथक परिश्रम और संगठन कौशल से पार्टी को सींचने और कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम किया। भाजपा की स्थापना से लेकर सत्ता तक आने में आडवाणी जी का अतुलनीय योगदान हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का अक्षुण्ण स्रोत है। ईश्वर से उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।" ■

---

लाख रुपये करेगी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहायता को बढ़ाकर 8,000 रुपये करेगी।

- भाजपा का मिजोरम एग्री इंफ्रा मिशन कृषि बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।
- भाजपा एसईडीपी कार्यान्वयन में अनियमितताओं को दूर करने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन करेगी।
- केंद्र और असम सरकारों के सहयोग से भाजपा सीमा विवादों को हल करेगी और मिजोरम निवासियों के अधिकारों की रक्षा करेगी।
- भाजपा की कमल योजना एसईडीपी में भ्रष्टाचार से निपटेगी, पात्र परिवारों को बेहतर आजीविका के लिए पहचान पत्र प्रदान करेगी।
- भाजपा वर्षों की उपेक्षा को समाप्त करते हुए मिजोरम की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 22,500 करोड़ रुपये का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- मिजोरम की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भाजपा हमारी समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए मिजोरम के चापचार कुट, पावल कुट और मीम कुट त्योहार मनाएगी। पार्टी मिजोरम की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और इसे पूर्वोत्तर में शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 22,500 करोड़ रुपये का कुशल उपयोग सुनिश्चित करेगी।
- सरकारों द्वारा आर्थिक रूप से व्यवहार्य पर्यटन क्षेत्र की वर्षों की उपेक्षा के बाद हम 250 करोड़ रुपये के कोष के साथ मिजोरम पर्यटन के ब्रांड को मिस्टिकल मिजोरम के रूप में पुनर्जीवित करेंगे।
- भाजपा दिव्यता में विश्वास करती है, न कि विभाजनकारी इरादों में, यहां हम डीटीएच में विश्वास करते हैं: यानी लोगों के बीच डेवलपमेंट, ट्रांसफॉर्मेशन एंड हार्मनी। ■




छत्तीसगढ़ : भाजपा घोषणा पत्र 'मोदी की गारंटी' जारी

# भाजपा आनेवाले पांच सालों में छत्तीसगढ़ को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेगी : अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने 03 नवंबर, 2023 को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के संबंध में भाजपा घोषणापत्र 'मोदी की गारंटी' जारी किया और छत्तीसगढ़ के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी के विजन को पत्रकारों और छत्तीसगढ़ की जनता के समक्ष रखा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को जारी करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश की जनता से लाखों की संख्या में सुझाव प्राप्त किए हैं और इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है। भाजपा के लिए चुनावी घोषणा पत्र मात्र एक घोषणा पत्र नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प पत्र है और भाजपा इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने श्री रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकास के पथ पर अग्रसर किया।

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल कांग्रेस की सरकार रही है, लेकिन अब जनता परिवर्तन करने जा रही है। मैं राज्य की जनता को आश्वस्त करता हूं कि भाजपा आनेवाले 5 सालों में राज्य को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम करेगी। छत्तीसगढ़ भाजपा के शासन में देश का पहला राज्य बना जिसने पोषण की गारंटी दी साथ ही मनरेगा में 150 दिन का रोजगार, देश में मातृत्व अवकाश, पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप-टैबलेट और छत्तीसगढ़ को बिजली के काल से मुक्त कर पावर सरप्लस स्टेट बनाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी ने किया। श्री रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बस्तर और सरगुजा में दो नए विश्वविद्यालय बनाए और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में शिक्षा के नए मानांक स्थापित हुए। उसी कालखंड में 2 मेडिकल कॉलेज को बढ़ाकर 15 किया गया, मेडिकल सीटों को 100 से बढ़ाकर 1100 किया गया, इंजीनियरिंग कॉलेज की संख्या को 14 से बढ़ाकर 50 किया गया, पॉलीटेक्निक कॉलेज की संख्या 10 से 51 हुई, आईटीआई की संख्या 61 से 176 हो गई, डेंटल कॉलेज 1 से बढ़कर 5 हो गए, नर्सिंग कॉलेज 1 से बढ़कर 84 हो गए, मैनेजमेंट के कॉलेज 2 से 16 हो गए और पशु चिकित्सा और कृषि कॉलेज 4 से बढ़ाकर 31 कर दिया गया।

श्री शाह ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि भूपेश जी से ज्यादा झूठा प्रचार किसी अन्य नेता ने नहीं किया। झूठ का प्रचार करने में उनका कोई सानी नहीं है। गलत सीडी बनाना, पेन ड्राइव, अखबारों में गलत समाचार प्रकाशित करवाना, इन सब में भूपेश बघेल सिद्धहस्त है। झूठ का वातावरण बनाकर बस पांच साल तक सरकार में रहे। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर घोटालों का आरोप मढ़ते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में शराब की दुकाने खुलवाकर 2000 करोड़ रुपये का घोटाला किया, कोयले के परिवहन में 540 करोड़ रुपये का घोटाला किया, गरीबों के अनाज में 5000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और गोठान में 1300 करोड़ रुपये का घोटाला किया। मैंने बहुत घोटालों के बारे में सुना है, लेकिन गाय के गोबर में कोई (भूपेश बघेल) 1300 करोड़ रुपये खा जाये ऐसा आदमी मैंने पहले कही नहीं देखा।

## भाजपा घोषणा-पत्र 'मोदी की गारंटी' के प्रमुख वादे—

- हम 'कृषक उन्नति योजना' की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गत 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रुपए में की जाएगी।
- हम महतारी वन्दन योजना की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को 12,000 रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।
- हम अपनी पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 सालों के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।
- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।
- हम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (आयुष्मान भारत) के तहत वार्षिक सीमा को दोगुना करके प्रति परिवार को 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करेंगे एवं हम राज्य में 500 नए जन औषधि केंद्र सुनिश्चित कर सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराएंगे।
- हम 'छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना' के तहत प्रदेश में युवाओं को 50% सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगे।
- हम नेशनल कैपिटल रीजन, दिल्ली (NCR) की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन (SCR) की स्थापना कर रायपुर, नया रायपुर, दुर्ग और भिलाई नगर क्षेत्र का समन्वित एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करेंगे।
- हम नया रायपुर को सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनाकर राज्य में 6 लाख रोज़गार के अवसर पैदा करेंगे।
- हम प्रदेश में 'रानी दुर्गावती योजना' की शुरुआत कर बीपीएल वर्ग की बालिकाओं के जन्म पर 1,50,000 रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी करेंगे।
- हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलिंडर प्रदान करेंगे।
- हम छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रैवल अलॉयंस प्रदान करेंगे।
- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग गठित करेंगे। भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी रखने के लिए एक वेब पोर्टल बनाएंगे। प्रत्यक्ष कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में एक सेल का गठन करेंगे।
- हम छत्तीसगढ़ के हर संभाग में एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (CIMS) एवं हर लोकसभा क्षेत्र में आई.आई.टी. की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (CIT) का निर्माण करेंगे।
- हम इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करेंगे और वार्षिक वैश्विक स्तरीय सम्मेलन कर देशी व विदेशी कंपनियों से निवेश आमंत्रित करेंगे।
- हम प्रदेश में 'सरकार तुंहर दुवार' योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर 1.5 लाख बेरोजगारों को भर्ती कर प्रभावी घर पहुंच सार्वजनिक सेवा सुनिश्चित करेंगे।
- हम प्रदेश में 1,000 किलोमीटर लंबी 'शक्तिपीठ परियोजना' की शुरुआत कर छत्तीसगढ़ के पांच शक्तिपीठों को उत्तराखंड की चार धाम परियोजना की तर्ज पर विकसित करने और जोड़ने का काम करेंगे।
- हम प्रदेशवासियों को श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे। ■

**विधानसभा चुनाव 2023**

# छत्तीसगढ़ के पहले चरण और मिजोरम का मतदान संपन्न

पांच में से दो राज्यों के विधानसभा चुनाव का मतदान 07 नवंबर, 2023 को संपन्न हुआ। इस दौरान 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा की 20 सीटों के लिए पहले चरण और 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए मतदान हुआ।

इन चुनावों में मिजोरम में कुल 174 उम्मीदवार मैदान में थे और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 223 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। मिजोरम में मतदान प्रतिशत 80.62 प्रतिशत रहा, जबकि छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान प्रतिशत लगभग 78.07 था।

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान मध्य प्रदेश के मतदान के साथ 17 नवंबर को होगा। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा। सुरक्षित मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में 600 से अधिक मतदान केंद्रों को तीन-स्तरीय सुरक्षा कवर प्रदान किया गया है। ■

# 'आइए, हम अमृत महोत्सव के माध्यम से विकसित भारत के अमृत काल की एक नई यात्रा शुरू करें'

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के साथ आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का भी समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक की आधारशिला रखी और देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत'-माय भारत प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्यों या केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ-साथ मंत्रालयों या विभागों को आजादी का अमृत महोत्सव पुरस्कार भी प्रदान किए। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्य या केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, गुजरात तथा संयुक्त रूप से हरियाणा और राजस्थान तीसरे स्थान के लिए हैं, जबकि शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 मंत्रालय विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से रेल मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय हैं**

जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कर्तव्य पथ सरदार साहब की जयंती के अवसर पर महायज्ञ का गवाह बना है। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा से प्रेरित आजादी का अमृत महोत्सव की 12 मार्च, 2021 को शुरुआत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने 31 अक्टूबर, 2023 को सरदार पटेल की जयंती पर आजादी का अमृत महोत्सव का समापन किया। दांडी मार्च यात्रा की तुलना करते हुए जिसमें हर भारतीय की भागीदारी देखी गई, श्री मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव पर लोगों की भागीदारी का एक नया रिकॉर्ड बनाने की ओर ध्यान आकर्षित किया।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा, "दांडी मार्च ने आजादी की लौ को फिर से प्रज्वलित किया, जबकि अमृत काल भारत की 75 साल पुरानी विकास यात्रा का संकल्प बन रहा है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव का 2 साल लंबा उत्सव 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के साथ संपन्न हो रहा है। श्री मोदी ने स्मारक की आधारशिला रखने का भी उल्लेख किया जो आने वाली पीढ़ियों को आज के ऐतिहासिक संगठन की याद दिलाएगा। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार प्राप्त करने वाले राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों को भी बधाई दी।

श्री मोदी ने बताया कि ऐसे में जब हम हम एक भव्य उत्सव को अलविदा कह रहे हैं, हम माय भारत के साथ एक नए संकल्प की शुरुआत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "21वीं सदी में माय भारत संगठन राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा।''

## कर्तव्य पथ पर पहुंचे 8500 अमृत कलश

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय युवाओं की सामूहिक शक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा, "मेरी माटी मेरा देश अभियान इस बात का जीवंत उदाहरण है कि भारत का युवा संगठित होकर कैसे हर लक्ष्य प्राप्त कर सकता है।" प्रधानमंत्री ने देश के कोने-कोने से अनगिनत युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला और कहा कि पूरे देश से 8500 अमृत कलश कर्तव्य पथ पर पहुंचे और करोड़ों भारतीयों ने पंच प्राण प्रतिज्ञा ली है और अभियान की वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की है।

यह बताते हुए कि आजादी का अमृत महोत्सव के समापन के लिए मिट्टी को एक तत्व के रूप में क्यों इस्तेमाल किया गया, श्री मोदी ने एक कवि के शब्दों का हवाला दिया और कहा कि यह उस भूमि की मिट्टी है जहां सभ्यताएं फली-फूली हैं, मानव ने प्रगति की और यह उस युग की छाप रखती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की मिट्टी में चेतना है। इसमें एक जीवन रूप है जिसने सभ्यता के पतन को रोका है, कैसे अनेक सभ्यताएं नष्ट हो गईं, जबकि भारत अभी भी मजबूत खड़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर से आए पौधों को लेकर स्थापित की जाने वाली अमृत वाटिका आने वाली पीढ़ी को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की जानकारी देगी। श्री मोदी ने कहा कि करीब 1000 दिनों तक चले आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) का सबसे सकारात्मक प्रभाव भारत की युवा पीढ़ी पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी ने गुलामी नहीं देखी है और वह स्वयं आजाद भारत में पैदा हुए पहले प्रधानमंत्री हैं। श्री मोदी ने कहा कि एकेएएम ने लोगों को याद दिलाया है कि विदेशी शासन के दौरान एक भी क्षण ऐसा नहीं था जब आजादी के लिए कोई आंदोलन नहीं हुआ हो और कोई भी वर्ग या क्षेत्र इन आंदोलनों से अछूता रहा हो।

## दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में भारत

प्रधानमंत्री ने एकेएएम के दौरान भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में भारत के उदय, चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग, जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन, एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में 100 से अधिक पदक जीतने के ऐतिहासिक रिकॉर्ड, नए संसद भवन का उद्घाटन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना, निर्यात, कृषि उपज में नए रिकॉर्ड, वंदे भारत ट्रेन नेटवर्क का विस्तार, अमृत




भारत स्टेशन अभियान की शुरुआत, देश की पहली क्षेत्रीय रैपिड ट्रेन नमो भारत, 65,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण, मेड इन इंडिया 5जी की शुरुआत और विस्तार और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए पीएम गतिशक्ति मास्टरप्लान की शुरुआत का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा, "आज़ादी का अमृत महोत्सव के दौरान देश ने राजपथ से कर्तव्य पथ तक की यात्रा पूरी की। हमने गुलामी के कई प्रतीकों को भी हटा दिया।" उन्होंने इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष बोस की प्रतिमा, नौसेना के नए प्रतीक चिन्ह, अंडमान और निकोबार के द्वीपों के प्रेरक नाम, जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा, साहिबजादे की स्मृति में वीर बाल दिवस और हर साल 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका' दिवस मनाने के निर्णय का उल्लेख किया।

## 'माय भारत' भारत की युवा शक्ति का उद्घोष

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संस्कृत के एक श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा, "किसी चीज का अंत हमेशा कुछ नए की शुरुआत का प्रतीक होता है।" उन्होंने अमृत महोत्सव के समापन के साथ माय भारत के शुभारंभ का उल्लेख किया और कहा, "माय भारत भारत की युवा शक्ति का उद्घोष है।" श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि यह देश के प्रत्येक युवा को एक मंच पर लाने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का एक बड़ा माध्यम बनेगा। उन्होंने 'माय भारत' वेबसाइट की शुरुआत की जानकारी दी और कहा कि युवाओं के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को इस प्लेटफॉर्म पर शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा इससे जुड़ें, भारत को नई ऊर्जा से भरें और देश को आगे बढ़ाएं।

संबोधन का समापन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की आजादी प्रत्येक नागरिक के सामान्य संकल्पों की पूर्ति है और एकता के साथ इसकी रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश इस खास दिन को याद रखेगा। श्री मोदी ने प्रयासों को तेज करने का आग्रह करते हुए कहा, "हमने जो संकल्प लिया, आने वाली पीढ़ी से जो वादे किये, उन्हें पूरा करना होगा।'' उन्होंने अंत में कहा, "विकसित देश बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक भारतीय का योगदान महत्वपूर्ण है। आइए, हम अमृत महोत्सव के माध्यम से विकसित भारत के अमृत काल की एक नई यात्रा शुरू करें।"

## मुख्य बातें

- 'मेरा युवा भारत' - माय भारत प्लेटफॉर्म की शुरुआत
- माय भारत 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा
- मेरी माटी मेरा देश अभियान इस बात का जीवंत उदाहरण है कि भारत का युवा संगठित होकर कैसे हर लक्ष्य हासिल कर सकता है
- बड़ी-बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गईं, लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है
- ये वो माटी है जो देश के कोने-कोने से आत्मीयता और आध्यात्म, हर प्रकार से हमारी आत्मा को जोड़ती है
- अमृत वाटिका आने वाली पीढ़ी को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की जानकारी देगी
- अमृत महोत्सव ने एक प्रकार से इतिहास के छूटे हुए पन्नों को आने वाली पीढ़ियों के लिए जोड़ दिया है
- आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान देश ने राजपथ से कर्तव्य पथ तक का सफर पूरा किया। ■

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय रोजगार मेले को किया संबोधित

## विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र किए गए वितरित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने हुए नवनियुक्त युवा रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में सरकार में शामिल होंगे।




रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल के तहत केंद्र सरकार के विभागों और राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेलों की यह विकास यात्रा एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गई है, रोजगार मेले पिछले वर्ष अक्टूबर में शुरू हुए थे और केंद्र और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विभिन्न रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। आज भी 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी।

श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजित रोजगार मेले युवाओं के भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के संकेत हैं, जहां मिशन मोड में काम चल रहा है। श्री मोदी ने भर्ती प्रक्रियाओं में युवाओं के बढ़ते भरोसे पर बल देते हुए कहा, "हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं, बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी कायम रख रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि सरकार न केवल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है, बल्कि परीक्षा प्रक्रिया का पुनर्गठन भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन प्रणाली के तहत भर्ती में लगने वाला समय भी घटाकर आधा कर दिया गया है। श्री मोदी ने बताया, "रोजगार की अधिसूचना से लेकर रोजगार-पत्र मिलने तक का अंतराल काफी कम हो गया है।"

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के तहत कुछ परीक्षाओं के बारे में उन्होंने बताया कि परीक्षाएं अब हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं, जिससे उन उम्मीदवारों के लिए भाषा की बाधा को तोड़ना आसान हो गया है।

श्री मोदी ने कहा, "सरकार रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले पारंपरिक क्षेत्रों को सुदृढ़ कर रही है और साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, ऑटोमेशन और रक्षा निर्यात जैसे नए क्षेत्रों को भी बढ़ावा दे रही है।" उन्होंने ड्रोन प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नए रास्ते खोलने का भी जिक्र किया और इसकी मदद से किए जा रहे फसल मूल्यांकन और पोषक तत्वों के छिड़काव का उदाहरण दिया।

### विश्वकर्मा कारीगरों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना

श्री मोदी ने कहा कि किसी भी देश के प्रतिस्पर्धी लाभ के लिए युवाओं की ताकत का पूरा अहसास होना जरूरी है। उन्होंने कौशल और शिक्षा की पहल का उल्लेख किया जिससे युवाओं को नए अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए तैयार किया जा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई है, नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम और आईआईआईटी खोले गए हैं और पीएम कौशल विकास योजना के तहत करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। विश्वकर्मा कारीगरों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। रिस्किलिंग और अपस्किलिंग आज के दौर की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्माओं को आधुनिक तकनीक और उपकरणों से जोड़ रही है।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन, राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रतिस्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि नवनियुक्त भर्तियों में शामिल युवा सरकारी योजनाओं को आगे ले जाएंगे और उन्हें जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल के तहत केंद्र सरकार के विभागों और राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। ■

# रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मिली मंजूरी

## आगामी रबी सीजन 2023-24 में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी पर 22,303 करोड़ रुपये का व्यय होने की उम्मीद

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 25 अक्टूबर को रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए फॉस्फेट और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी।

| वर्ष | रु. प्रति किलो | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एन | पी | के | एस |
| रबी, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) | 47.02 | 20.82 | 2.38 | 1.89 |

आगामी रबी सीजन 2023-24 में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी पर 22,303 करोड़ रुपये का व्यय होने की उम्मीद है।

फॉस्फेट और पोटाशयुक्त उर्वरकों पर यह सब्सिडी रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक लागू) के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी, ताकि किसानों को किफायती मूल्यों पर इन उर्वरकों की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सके।

### लाभ

i. किसानों को इन उर्वरकों की उपलब्धता रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर सुनिश्चित की जाएगी।

ii. उर्वरकों और संबंधित सामग्रियों के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में अभी हाल के रूझानों को ध्यान में रखते हुए फॉस्फेट और पोटाशयुक्त उर्वरकों पर सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना।

### पृष्ठभूमि

केंद्र सरकार उर्वरक निर्माताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती कीमतों पर 25 ग्रेड का पीएंडके उर्वरक उपलब्ध करा रही है। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी एनबीएस योजना के तहत 01.04.2010 से लागू है। उर्वरकों और संबंधित सामग्रियों यानी यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर की अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में हाल के रुझानों को देखते हुए सरकार ने रबी 2023-24 के लिए 01.10.23 से 31.03.24 तक फॉस्फेटिक और पोटाश (पीएंडके) उर्वरक पर प्रभावी एनबीएस दरों को मंजूरी देने का फैसला किया है। उर्वरक कंपनियों को अनुमोदित और अधिसूचित दरों के अनुसार सब्सिडी प्रदान की जाएगी, ताकि किसानों को किफायती मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। ■

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को दी मंजूरी

## उत्तराखंड के नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों और उत्तर प्रदेश के रामपुर और बरेली जिलों में 57 हजार हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 25 अक्टूबर को जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दे दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च, 2028 तक 2,584.10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली परियोजना को पूरा करने के लिए उत्तराखंड को 1,557.18 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दे दी। इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में राम गंगा नदी की सहायक नदी गोला नदी पर जमरानी गांव के पास एक बांध के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह बांध मौजूदा गोला बैराज को अपनी 40.5 किमी लंबी नहर प्रणाली और 244 किमी लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से पानी देगा, जो 1981 में पूरा हुआ था।

इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों और उत्तर प्रदेश के रामपुर और बरेली जिलों में 57,065 हेक्टेयर (उत्तराखंड में 9,458 हेक्टेयर और उत्तर प्रदेश में 47,607 हेक्टेयर) की अतिरिक्त सिंचाई की परिकल्पना की गई है। दो नई फीडर नहरों के निर्माण के अलावा, 207 किमी मौजूदा नहरों का नवीनीकरण किया जाना है और परियोजना के तहत 278 किमी पक्के फील्ड चैनल भी क्रियान्वित किए जाने हैं। इसके अलावा, इस परियोजना में 14 मेगावाट की जल विद्युत उत्पादन के साथ-साथ हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में 42.70 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पीने के पानी के प्रावधान की भी परिकल्पना की गई है, जिससे 10.65 लाख से अधिक आबादी लाभान्वित होगी।

परियोजना के सिंचाई लाभों का एक बड़ा हिस्सा पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश को भी होगा और दोनों राज्यों के बीच लागत/लाभ साझाकरण 2017 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के अनुसार किया जाना है। हालांकि, पीने का पानी और बिजली लाभ उपलब्ध होंगे पूरी तरह से उत्तराखंड के लिए ही परिकल्पित हैं। ■

# प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने संयुक्त रूप से तीन विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**तीन परियोजनाओं को भारत की सहायता से तैयार किया गया है। ये तीन परियोजनाएं हैं—अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल सम्पर्क; खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र की इकाई-II**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष श्रीमती शेख हसीना ने एक नवंबर को संयुक्त रूप से डिजिटल माध्यम से तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसमें पड़ोसी देश में त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और गंगासागर के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क भी शामिल है।

अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल सम्पर्क परियोजना भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत तैयार की गई है। बांग्लादेश में 6.78 किलोमीटर लंबी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के साथ रेल सम्पर्क की कुल लंबाई 12.24 किलोमीटर है।

खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 388.92 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल परियोजना लागत के साथ तैयार की गई। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह, मोंगला, ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है।

1.6 बिलियन अमरीकी डालर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के अंतर्गत मैत्री सुपर थर्मल बिजली परियोजना, बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल स्थित 1320 मेगावाट (2x660) का सुपर थर्मल पावर प्लांट (एमएसटीपीपी) है। यह परियोजना बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर ताप बिजली संयंत्र की इकाई-I का सितम्बर, 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और इकाई-2 का उद्घाटन 1 नवम्बर, 2023 को किया गया। मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र के संचालन से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी। ये परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए श्रीमती हसीना के साथ बातचीत में कहा, ''यह खुशी की बात है कि हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "पिछले नौ साल में हमने साथ मिलकर जो काम किया है, वह दशकों में नहीं हुआ।" ■

# असम के गुवाहाटी में 17,500 करोड़ रुपये की 26 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**डिब्रूगढ़-तिनसुकिया-लेडो परियोजना का उद्देश्य ऊपरी असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाना और व्यापार एवं पर्यटन को प्रोत्साहित करना है**

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने 31 अक्टूबर को असम के गुवाहाटी में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 26 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

डिब्रूगढ़-तिनसुकिया-लेडो परियोजना का उद्देश्य ऊपरी असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाना और व्यापार एवं पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। सिलचर से लैलापुर खंड बराक घाटी को मिजोरम से जोड़ेगा, जिससे सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। धेमाजी जिले में एनएच-515 उत्तरी असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा। एनएच-137 दिमा हसाओ क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाएगा और पश्चिमी मणिपुर के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। पाइकन से गुवाहाटी हवाई अड्डा खंड जोगीघोपा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, नए पुलों के निर्माण से भीड़-भाड़ कम होगी और इलाके में व्यापार, पर्यटन एवं सामाजिक-आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। ■

# अक्टूबर, 2023 में जीएसटी संग्रह 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये हुआ

**घरेलू लेन-देन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व भी वर्ष दर वर्ष 13 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में औसत सकल मासिक जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अक्टूबर, 2023 में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे ऊंचा मासिक संग्रह है।




केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा एक नवंबर को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार अक्टूबर, 2023 के महीने में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,72,003 करोड़ रुपये है, जिसमें से सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्र किए गए 42,127 करोड़ रुपये सहित) है और उपकर 12,456 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्र 1,294 करोड़ रुपये सहित) है।

केंद्र सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी को 42,873 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 36,614 करोड़ रुपये का निपटान किया है। नियमित निपटान के बाद अक्टूबर, 2023 के महीने में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 72,934 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 74,785 करोड़ रुपये है।

अक्टूबर, 2023 महीने का राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 13 प्रतिशत अधिक है। महीने के दौरान, घरेलू लेन-देन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व भी पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से प्राप्त राजस्व से 13 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में औसत सकल मासिक जीएसटी संग्रह अब 1.66 लाख करोड़ रुपये है और पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। ■

# कोयले के उत्पादन में 28 अक्टूबर, 2023 तक 12.81 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**42.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कोयले का कुल स्टॉक 53.23 मिलियन टन तक पहुंच गया**

केंद्रीय कोयला मंत्रालय के अनुसार वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान 28 अक्टूबर 2023 तक देश में कोयले के उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सीआईएल की वृद्धि दर की प्रतिशतता 11.90 प्रतिशत, एससीसीएल की 7.82 प्रतिशत और कैप्टिव एवं वाणिज्यिक खदानों की वृद्धि दर 20.94 प्रतिशत है। कोयले की कुल आपूर्ति में 11.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और विद्युत क्षेत्र को की गई आपूर्ति में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

कोयला मंत्रालय ने ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और डब्ल्यूसीएल जैसी उन कोयला कंपनियों में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, जहां रेलवे (कमीशन किए गए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सहित) के अपेक्षाकृत बेहतर निकासी संबंधी लॉजिस्टिक्स उपलब्ध हैं। ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और डब्ल्यूसीएल के कोयले के उत्पादन में क्रमशः 18.70 प्रतिशत, 17.60 प्रतिशत, 13.90 प्रतिशत और 18.00 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कोयला उत्पादक राज्यों में अक्टूबर की शुरुआत में हुई अभूतपूर्व वर्षा के बाद पिछले 15 दिनों के दौरान कोयले के उत्पादन में तेजी आई है। मात्र पिछले 15 दिनों के दौरान ही सभी स्रोतों से होने वाला कुल उत्पादन 26.40 लाख टन प्रतिदिन से अधिक है।

इसके अलावा 28 अक्टूबर, 2023 तक सीआईएल, एससीसीएल, कैप्टिव खदानों के निकासी स्थल पर कुल कोयला स्टॉक और पारगमन में कोयले की आपूर्ति पिछले वर्ष की इसी अवधि के 37.40 एमटी की तुलना में 53.23 एमटी है, जोकि 42.32 प्रतिशत अधिक है।

आम तौर पर पहली छमाही में कोयले का उत्पादन और परिवहन कम होता है, क्योंकि वर्ष की पहली छमाही में मुख्य रूप से गर्मी होती है और उसके बाद मानसून आता है। मानसून के बाद उत्पादन और परिवहन की स्थिति अनुकूल होती है और दूसरी छमाही में कोयले की आपूर्ति खपत से अधिक होती है। इसलिए, वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान विद्युत संयंत्रों और खदानों में कोयले का भंडार बढ़ गया है। ■

# मात्र 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम पर 'भारत' आटे का प्रारंभ

## 'भारत' आटा केंद्रीय भंडार, नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पर भी उपलब्ध

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, वस्त्र और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने छह नवंबर को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली से 'भारत' ब्रांड के अंतर्गत गेहूं के आटे की बिक्री के लिए 100 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई। आटा मात्र 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की एमआरपी पर उपलब्ध होगा। यह भारत सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में नवीनतम है। 'भारत' ब्रांड आटा की खुदरा बिक्री से बाजार में किफायती दरों पर आपूर्ति बढ़ेगी और इस महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ की कीमतों में निरंतर कमी लाने में सहायता मिलेगी।



'भारत' आटा आज से केंद्रीय भंडार, नेफेड और एनसीसीएफ के सभी फिजिकल और मोबाइल आउटलेट पर उपलब्ध होगा और इसका विस्तार अन्य सहकारी/खुदरा दुकानों तक किया जाएगा।

ओपन मार्केट सेल स्कीम [ओएमएसएस (डी)] के अंतर्गत 2.5 लाख मीट्रिक टन गेहूं 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अर्ध-सरकारी तथा सहकारी संगठनों यानी केंद्रीय भंडार, एनसीसीएफ और नैफेड को आटा में परिवर्तित करने और इसे जनता को बेचने के लिए आवंटित किया गया है। 'भारत आटा' ब्रांड के अंतर्गत एमआरपी 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं होगी।

श्री गोयल ने कहा कि केंद्र के हस्तक्षेप से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों टमाटर और प्याज की कीमतें कम करने के लिए अनेक कदम उठाए गए थे। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए केंद्र द्वारा केंद्रीय भंडार, नेफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से 60 रुपये प्रति किलो की दर पर भारत दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ■

# यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में शामिल हुए ग्वालियर और कोझिकोड

भारत का ग्वालियर और कोझिकोड उन 55 नये शहरों में शामिल है, जिन्हें 31 अक्टूबर को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क की सूची में जगह दी गयी। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की।

यूनेस्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक इन नए शहरों को अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने तथा मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने 'संगीत' श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है, वहीं केरल के कोझिकोड को 'साहित्य' श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में कोझिकोड को 'साहित्य की नगरी' और ग्वालियर को 'संगीत की नगरी' के रूप में शामिल किए जाने की सराहना की। श्री मोदी ने कोझिकोड और ग्वालियर के लोगों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोझिकोड की समृद्ध साहित्यिक विरासत से भारत की सांस्कृतिक जीवंतता वैश्विक मंच पर और भी अधिक चमक रही है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर ने जिस प्रतिबद्धता के साथ संगीत की विरासत को संजोया और समृद्ध किया है, उसकी गूंज दुनियाभर में सुनाई दे रही है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री जी किशन रेड्डी द्वारा 'एक्स' पर की गई पोस्ट को उद्धृत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोझिकोड की समृद्ध साहित्यिक विरासत से भारत की सांस्कृतिक जीवंतता वैश्विक मंच पर और भी अधिक चमक रही है और ग्वालियर की सुरीली विरासत अब प्रतिष्ठित 'यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क' में शामिल हो गई है। कोझिकोड और ग्वालियर के लोगों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई!

उन्होंने कहा कि अब जबकि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दी गई इस मान्यता का जश्न मना रहे हैं, हमारा राष्ट्र हमारी विविध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह सराहना हर उस व्यक्ति के सामूहिक प्रयासों को भी दर्शाती है जो हमारी अनूठी सांस्कृतिक गाथाओं को प्रोत्साहित और साझा करने के लिए समर्पित है। ■

# आयकर रिटर्न आकलन वर्ष 2013-14 में 3.36 करोड़ से 90 प्रतिशत बढ़कर 2021-22 में 6.37 करोड़ पहुंचा

**चालू वित्त वर्ष के दौरान भी आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 7.41 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। इसमें पहली बार रिटर्न दाखिल करने वाले 53 लाख नए लोग शामिल हैं**

हाल के कुछ वर्षों में आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा 26 अक्टूबर को जारी एक बयान के अनुसार व्यक्तिगत करदाताओं का रिटर्न आकलन वर्ष (एवाई) 2013-14 के 3.36 करोड़ से बढ़कर आकलन वर्ष 2021-22 में 6.37 करोड़ हो गया, जो कुल 90% की वृद्धि दिखाता है।

चालू वित्त वर्ष के दौरान भी आकलन वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 7.41 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। इसमें पहली बार रिटर्न दाखिल करने वाले 53 लाख नए लोग शामिल हैं।

एक तरफ पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तिगत करदाताओं के रिटर्न की कुल संख्या में बढ़ोतरी हुई है, तो दूसरी तरफ सकल कुल आय की विभिन्न श्रेणियों में व्यक्तिगत करदाताओं के रिटर्न की संख्या भी बढ़ी है।

1. पांच लाख रुपये तक की सकल कुल आय सीमा में व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल रिटर्न की संख्या एवाई 2013-14 के 2.62 करोड़ से बढ़कर एवाई 2021-22 में 3.47 करोड़ हो गई। इसमें 32% की वृद्धि दर्ज की गई। आय की इस सीमा में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनकी आय कर योग्य सीमा से नीचे है, जो रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं।
2. पांच लाख से 10 लाख और 10 लाख से 25 लाख रुपये की सकल कुल आय की सीमा में एवाई 2013-14 से एवाई 2021-22 तक व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा दाखिल रिटर्न की कुल संख्या क्रमशः 295 प्रतिशत और 291 प्रतिशत बढ़ गई है। यह दिखाता है कि व्यक्तिगत करदाता सकल कुल आय की उच्च सीमा की तरफ बढ़े हैं। एवाई 2013-14 और एवाई 2021-22 के लिए व्यक्तिगत करदाताओं की सकल कुल आय का विश्लेषण यह भी दिखाता है किः

1. सभी व्यक्तिगत करदाताओं की तुलना में शीर्ष 1 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाताओं की सकल कुल आय का आनुपातिक योगदान एवाई 2013-14 में 15.9 प्रतिशत से घटकर एवाई 2021-22 में 14.6 प्रतिशत हो गया है।
2. सभी व्यक्तिगत करदाताओं की तुलना में निचले 25 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाताओं की सकल कुल आय का आनुपातिक योगदान एवाई 2013-14 में 8.3 प्रतिशत बढ़कर एवाई 2021-22 में 8.4 प्रतिशत हो गया है।
3. उक्त अवधि में व्यक्तिगत करदाताओं के बीच के 74 प्रतिशत समूह की सकल कुल आय का अनुपात 75.8 प्रतिशत से बढ़कर 77 प्रतिशत हो गया।
4. व्यक्तिगत करदाताओं की औसत सकल कुल आय एवाई 2013-14 में 4.5 लाख रुपये से 56 प्रतिशत बढ़कर एवाई 2021-22 में 7 लाख रुपये हो गई। शीर्ष 1 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाताओं के लिए औसत सकल कुल आय में 42 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जबकि निचले 25 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाताओं की 58 प्रतिशत।

उपरोक्त आकंड़े एवाई 2013-14 के बाद विभिन्न आय समूहों में व्यक्तियों की सकल कुल आय में मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। **शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि के तौर पर समग्र प्रभाव दिखाई दे रहा है। वित्त वर्ष 2013-14 में 6.38 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर यह वित्त वर्ष 2022-23 में 16.61 लाख करोड़ रुपये रहा।** यह सरकार की करदाताओं के अनुकूल और प्रगतिशील नीतियों के कारण संभव हुआ है। ■


# जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी पर भारत और जापान के बीच सहयोग ज्ञापन को मिली मंजूरी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के बीच जुलाई, 2023 में जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी के लिए हस्ताक्षरित सहयोग ज्ञापन (एमओसी) से 25 अक्टूबर को अवगत कराया गया। एमओसी का उद्देश्य उद्योगों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की उन्नति के लिए सेमीकंडक्टर के महत्व की पहचान करते हुए सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को संवर्धित करने की दिशा में भारत और जापान के बीच सहयोग को मजबूत बनाना है।

- यह एमओसी दोनों पक्षों के हस्ताक्षर की तारीख से प्रभावी होगा और पांच साल की अवधि तक लागू रहेगा।
- लचीली सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने और पूरक शक्तियों का लाभ उठाने के अवसरों पर जी2जी और बी2बी दोनों तरह के द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाए जाएंगे।
- एमओसी बेहतर सहयोग की परिकल्पना करता है, जिससे आईटी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। ■

मोदी स्टोरी

# सुशासन के लिए प्रणाली तैयार करना



— चंद्रेश कोटक

श्री नरेन्द्र मोदी को उनके उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल के लिए पहचाना जाता है। एक संगठनकर्ता के रूप में वह लगातार दक्षता और उत्कृष्टता को प्राथमिकता देते रहे, जो सुशासन के मूलभूत सिद्धांत हैं। सुशासन को लागू करने के लिए वह प्रणाली का निर्माण करते हैं और मूल्यों को स्थापित करते रहे हैं, इतना ही नहीं, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उनके कार्यालय को आईएसओ प्रमाणन प्राप्त हुआ था।



समय के साथ उन्होंने प्रशासन को संभालने के लिए अपने संगठनात्मक कौशल का इस्तेमाल किया। जवाबदेही की कमी, लालफीताशाही, ख़राब समन्वय, ओवरलैपिंग कार्यप्रणाली और लेन-देन संबंधी मानसिकताएं कुछ आम समस्याएं हैं जो प्रशासन को परेशान करती हैं। उन्होंने इन मुद्दों के समाधान के लिए पहल की। ऐसी ही एक पहल 2003 में शुरू की गई स्वागत प्रणाली (प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग द्वारा शिकायतों पर राज्यव्यापी ध्यान) है।

> श्री नरेन्द्र मोदी को उनके उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल के लिए पहचाना जाता है। एक संगठनकर्ता के रूप में वह लगातार दक्षता और उत्कृष्टता को प्राथमिकता देते रहे, जो सुशासन के मूलभूत सिद्धांत हैं। सुशासन को लागू करने के लिए वह प्रणाली का निर्माण करते है और मूल्यों को स्थापित करते रहे हैं

यह एक अभिनव अवधारणा है जो नागरिकों और मुख्यमंत्री एवं नागरिकों और सरकार के अन्य पदाधिकारियों के बीच सीधे संवाद को कायम करती है। इस प्रणाली के तहत प्रशासन का सर्वोच्च कार्यालय आम आदमी की शिकायतों पर भी ध्यान देता है। उदाहरण के लिए, हर महीने के चौथे गुरुवार को ठीक तीन बजे मुख्यमंत्री श्री मोदी राज्य के अधिकारियों और पीड़ित आवेदकों के साथ ऑनलाइन होते थे। इस प्रकार, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए एक प्रणाली की शुरुआत हुई।

उस समय के स्वागत प्रणाली के प्रभारी श्री चंद्रेश कोटक शिकायत निवारण का एक मामला याद करते हैं: "एक आवेदक ने शिकायत की थी कि वह किसी काम के लिए एक अधिकारी के पास गया था और बदले में उससे एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। मुख्यमंत्री ने उनसे अधिकारी की पहचान करने को कहा और आवेदक का काम तुरंत करने का निर्देश दिया। श्री मोदी ने बातचीत को चतुराई से संभाला, ताकि गलती करने वाले अधिकारी को अपने वरिष्ठों की उपस्थिति में शर्मिंदा न होना पड़े। दिन के अंत तक, अधिकारी के हाथ में स्थानांतरण पत्र सौंप दिया गया था, जैसाकि सीधे मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था।

एक संगठनकर्ता के रूप में श्री मोदी प्रणालियों और औपचारिक प्रक्रियाओं के महत्व को जानते हैं। पारदर्शिता में निरंतरता बनाए रखने के लिए ऐसी ही एक प्रणाली आईडब्ल्यूडीएमएस (इंटीग्रेटेड वर्कफ्लो और दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली) है। यह प्रणाली 2005 में श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात में बनाई गई थी। इसके तहत, लक्षित और कुशल अनुवर्ती कार्रवाई के लिए फाइल प्रबंधन की प्रणाली को डिजिटल बनाया गया। सटीकता के लिए, सिस्टम एकीकृत तरीके से वर्कफ्लो प्रबंधन, सहयोगात्मक वातावरण और ज्ञान प्रबंधन प्रदान करता है। लंबित मामलों की समीक्षा और समाधान के लिए कैबिनेट के लिए एक अलग दिन रखा गया था। यह लगातार ई-गवर्नेंस का एक शानदार उदाहरण साबित हुआ है। ■

# कर्नाटक के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डी.बी. चंद्रे गौड़ा नहीं रहे

पूर्व मंत्री और भाजपा नेता श्री डी.बी. चंद्रे गौड़ा का 7 नवंबर, 2023 को मुदिगेरे तालुक के दारादाहल्ली में उनके आवास पर निधन हो गया। श्री गौड़ा 87 वर्षीय थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और चार बेटियां हैं। उन्होंने सभी चार सदनों— विधान सभा, परिषद्, लोकसभा और राज्यसभा का प्रतिनिधित्व किया था।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री गौड़ा के निधन से दुःखी हूं। वह एक बड़े नेता थे, कर्नाटक में एक सांसद, विधायक और मंत्री के रूप में उनके विशाल अनुभव ने एक अमिट छाप छोड़ी है।

श्री मोदी ने आगे कहा, "संविधान के बारे में उनकी गहरी समझ और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता उल्लेखनीय है। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।"

श्री गौड़ा, जिन्होंने विभिन्न सरकारों में मंत्री के रूप में कार्य किया, 1983 से 1985 तक राज्य विधान सभा के अध्यक्ष भी रहे और विधान सभा एवं परिषद् दोनों में विपक्ष के नेता के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन किया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, "भाजपा के पूर्व सांसद और दिग्गज नेता श्री डीबी चंद्रे गौड़ा जी के निधन से दुःखी हूं। उनका लंबा राजनीतिक जीवन, समाज सेवा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध रहा। एक जन प्रतिनिधि के रूप में उनके योगदान को लम्बे समय तक याद किया जायेगा। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी संवेदनाएं।"

पूर्व मुख्यमंत्रियों श्री बी.एस. येदियुरप्पा, श्री बसवराज बोम्मई और श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने भी श्री गौड़ा के निधन पर दुःख व्यक्त किया। ■

कमल पुष्प

**सेवा, समर्पण, त्याग, संघर्ष एवं बलिदान**

## डॉ. पी. वी. एन. राजू

**डॉ.** पी.वी.एन. राजू आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के निवासी थे। उन्होंने श्री गोपाल राव टैगोर जी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. राजू ने अपना जीवन जनसंघ के लिए समर्पित कर दिया। इस दौरान उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर विभिन्न पदों पर अपने दायित्व का निर्वहन किया। वर्ष 1977 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय होने तक उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने आपातकाल का विरोध किया और 1975 में लगभग 18 महीने तक मीसा बंदी के रूप में जेल में रहे। श्री राजू ने 1998 से काकीनाडा शहर के संघचालक के रूप में कार्य किया। ■

**डॉ. पी.वी.एन. राजू**

**जन्म: 11 अक्टूबर, 1926**
**सक्रिय वर्ष: 1970-1997**
**जिला: पूर्व गोदावरी**

# प्रधानमंत्री ने गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अक्टूबर को मडगांव, गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। खेलों का आयोजन 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक होगा और इसमें देशभर से 10,000 से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी 28 स्थानों पर 43 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेलों के महाकुंभ की यात्रा गोवा पहुंच गई है और वातावरण रंगों, लहरों, उत्साह और रोमांच से भर गया है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि गोवा की आभा जैसा कुछ और नहीं। उन्होंने देश के खेलों में गोवा के योगदान का जिक्र किया और फुटबॉल के प्रति गोवा के विशेष लगाव का उल्लेख किया।

श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल ऐसे समय पर हो रहे हैं, जब देश खेल की दुनिया में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। उन्होंने एशियाई खेलों में 70 साल पुराने रेकॉर्ड को तोड़ने की सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने इस समय चल रहे एशियन पैरा गेम्स की भी चर्चा की, जहां पदक तालिका में 70 से ज्यादा पदकों के साथ पिछले सभी रेकॉर्ड टूट गए हैं।

उन्होंने हाल में संपन्न हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों की भी चर्चा की, जिसमें भारत ने इतिहास रचा है। श्री मोदी ने कहा कि खेल की दुनिया में भारत की हाल की सफलता हर युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणा है। राष्ट्रीय खेलों को हर युवा एथलीट के लिए एक मजबूत लॉन्चपैड बताते हुए प्रधानमंत्री ने उनके सामने मौजूद विभिन्न अवसरों की बात की और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि 'हमारे राष्ट्रीय खेल एक भारत, श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक हैं।' यह भारत के प्रत्येक राज्य के लिए अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का एक बड़ा माध्यम हैं। ■

**प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का उद्घाटन किया**

# 'खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीन नवंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने के लिए एक लाख से अधिक एसएचजी सदस्यों को बीज के लिए आर्थिक सहायता का भी वितरण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को 'दुनिया के खाद्य केंद्र' के रूप में प्रदर्शित करना और 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाना है।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रदर्शित प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप मंडप और फूड स्ट्रीट की सराहना करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और स्वाद का मिश्रण भविष्य की अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्री मोदी ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया के परिणाम भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को 'सूर्योदय क्षेत्र' के रूप में पहचाने जाने का एक बड़ा उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार की उद्योग समर्थक और किसान समर्थक नीतियों के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है।

श्री मोदी ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में पीएलआई योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उद्योग में नए उद्यमियों को बड़ी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे के लिए एग्री-इंफ्रा फंड के तहत हजारों परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें लगभग 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश है, जबकि मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र में प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे को भी हजारों करोड़ रुपए के निवेश के साथ प्रोत्साहित किया जा रहा है। ■

# खेल में कभी हार नहीं होती, केवल जीत या सीख होती है: नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक नवंबर को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय दल के साथ बातचीत की और उन्हें संबोधित किया। यह कार्यक्रम एशियाई पैरा गेम्स 2022 में एथलीटों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का प्रधानमंत्री का एक प्रयास था।



भारत ने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 29 स्वर्ण पदक सहित कुल 111 पदक जीते। एशियाई पैरा गेम्स 2022 में कुल पदक तालिका में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (2018 में) की तुलना में 54% की बढ़ोतरी देखी गई और मौजूदा 29 स्वर्ण पदकों की जीत 2018 के मुकाबले लगभग दोगुनी है।

## आप लाते हैं नई उम्मीदें और नया उत्साह

प्रधानमंत्री ने पैरा-एथलीटों को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा उनसे मिलने और अपने अनुभव साझा करने को उत्सुक रहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि आप जब भी यहां आते हैं तो नई उम्मीदें और नया उत्साह लेकर आते हैं। उन्होंने बल देकर कहा कि वे यहां सिर्फ एक काम के लिए आए हैं और वह है पैरा-एथलीटों को उनकी सफलताओं के लिए बधाई देना।

श्री मोदी ने बताया कि वे न केवल एशियाई पैरा गेम्स के घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे थे, बल्कि उसे जी भी रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की और उनके कोचों और परिवारों को भी बधाई दी। श्री मोदी ने देश के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।

खेलों की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रकृति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने एथलीटों की अंदरूनी प्रतिस्पर्धा पर भी ध्यान दिया जब वे एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। उन्होंने एथलीटों के उच्चतम स्तर के अभ्यास और समर्पण की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि आप सभी जो यहां मौजूद हैं, उनमें से कुछ जीतकर आए, कुछ अनुभवों से समझदार बनकर आए हैं, लेकिन कोई भी हारकर नहीं आया है।

प्रधानमंत्री ने खेलों में शामिल सीखने की प्रक्रिया का ज़िक्र करते हुए कहा, "खेल में हार नहीं होती, केवल जीत या फिर सीख होती है।" उन्होंने 140 करोड़ नागरिकों में से चुने जाने को पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। कुल 111 पदकों के साथ रिकॉर्ड तोड़ सफलता का ज़िक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा, "आपकी सफलता पूरे देश को प्रेरित करती है और नागरिकों में गर्व की भावना भी पैदा करती है।"

## रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन

प्रधानमंत्री ने एथलीटों के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के संदर्भ में स्मरण करते हुए बताया कि कैसे श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें गुजरात से लोकसभा में रिकॉर्ड चुनावी प्रदर्शन करने के लिए इसी प्रकार बधाई दी थी। उन्होंने कहा, "ये 111 पदक महज एक संख्या नहीं हैं, बल्कि 140 करोड़ सपने हैं।" श्री मोदी ने बताया कि यह संख्या 2014 में जीते गए पदकों की संख्या से तीन गुना ज्यादा है, जबकि स्वर्ण पदकों की संख्या दस गुना ज्यादा है और भारत पदक तालिका में 15वें स्थान से शीर्ष 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने बीते कुछ महीनों के दौरान खेल के क्षेत्र में भारत की हालिया उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा, "पैरा एशियाई गेम्स में आपकी सफलता सोने पर सुहागा है।"

श्री मोदी ने संकल्प की शक्ति को दोहराते हुए अपनी बात समाप्त की। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हम किसी भी उपलब्धि पर रुकते नहीं हैं और अपनी उपलब्धियों पर आराम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, "हम टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए हैं। मैं दृढ़ता से कहता हूं कि हम इस दशक में ही टॉप 3 अर्थव्यवस्थाओं में होंगे और 2047 में यह देश विकसित भारत बन जाएगा।" ■

प्रधानमंत्री ने निलवंडे बांध, शिरडी (महाराष्ट्र) का जल पूजन किया

# 'गरीब से गरीब परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिले, यही सच्चा सामाजिक न्याय'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अक्टूबर को महाराष्ट्र के शिरडी, अहमदनगर में स्वास्थ्य, रेल, सड़क, तेल और गैस जैसे क्षेत्रों में लगभग 7500 करोड़ रुपये की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और उनकी आधारशिला रखी। विभिन्न विकास परियोजनाओं में अहमदनगर सिविल अस्पताल में आयुष अस्पताल; कुर्दुवाड़ी-लातूर रोड रेलवे खंड (186 किमी.) का विद्युतीकरण; जलगांव को भुसावल से जोड़ने वाली तीसरी और चौथी रेलवे लाइन (24.46 किमी); एनएच-166 (पैकेज-I) के सांगली से



बोरगांव खंड को चार लेन का बनाना और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मनमाड टर्मिनल पर अतिरिक्त सुविधाएं शामिल हैं।

अन्य परियोजनाओं के अलावा श्री मोदी ने शिरडी में दर्शनों की कतार के लिए नये परिसर का उद्घाटन किया, निलवंडे बांध के बाएं तट (85 किमी) का नहर नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित किया और 86 लाख से अधिक किसान-लाभार्थियों को फायदा पहुंचाने वाली 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना' शुरू की। इससे पहले दिन में श्री मोदी ने शिरडी के श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा और दर्शन किये और निलवंडे बांध का जल पूजन किया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साईं बाबा के आशीर्वाद से 7500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जा रहा है। श्री मोदी ने 5 दशकों से लंबित निलवंडे बांध के काम का जिक्र करते हुए आज इसके उद्घाटन का जिक्र किया। उन्होंने इस स्थान पर जल पूजन करने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया।

श्री मोदी ने 'सबका साथ सबका विकास' के सरकार के मंत्र पर जोर देते हुए और उसे दोहराते हुए कहा, "देश को गरीबी से मुक्ति मिले, गरीब से गरीब परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिले, यही सच्चा सामाजिक न्याय है।" ■

प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा

# प्रधानमंत्री ने मेहसाणा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 30 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा में लगभग 5800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, राष्ट्र को समर्पित किया और शिलान्यास किया। परियोजनाओं में रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि 30 और 31 अक्टूबर की दो तारीखें सभी को प्रेरणा देने वाली हैं, क्योंकि पहले दिन गोविंद गुरु जी की पुण्य तिथि है और दूसरी तारीख सरदार पटेल जी की जयंती है। श्री मोदी ने कहा, "हमारी पीढ़ी ने दुनिया की सबसे



बड़ी प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाकर सरदार साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की है।"

उन्होंने कहा कि गोविंद गुरु जी का जीवन भारत की आजादी में जनजातीय समाज के योगदान और बलिदान का भी प्रतीक है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने मानगढ़ धाम का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री ने दिन की शुरुआत में अंबाजी मंदिर में दर्शन और पूजा करने की चर्चा की और देवी अंबाजी का आशीर्वाद लेने का अवसर मिलने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने गब्बर पर्वत को विकसित करने और उसकी भव्यता बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की। आज की परियोजनाओं के बारे में श्री मोदी ने कहा कि भगवान अम्बे के आशीर्वाद से आज लगभग 6000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में और सुधार होगा और क्षेत्र के किसानों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि गुजरात के लोग पहले ही उन विकास कार्यों को देख चुके हैं, जो आज बाकी देश अनुभव कर रहा है। श्री मोदी ने कहा, "मोदी जो भी संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करते हैं।" ■

# हमारे त्योहारों में हमारी प्राथमिकता हो 'वोकल फॉर लोकल': नरेन्द्र मोदी

**इस बार ऐसी सामानों से ही घर को रोशन करें जिसमें मेरे किसी देशवासी के पसीने की महक हो, मेरे देश के किसी युवा का हुनर लगा हो, उसके बनने में मेरे देशवासियों को रोज़गार मिला हो**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 106वीं कड़ी में देशवासियों से स्थानीय वस्तुओं को खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे त्योहारों में हमारी प्राथमिकता हो 'वोकल फॉर लोकल' और हम मिलकर उस सपने को पूरा करें, हमारा सपना है 'आत्मनिर्भर भारत'।

श्री मोदी ने कहा कि इस बार ऐसी सामानों से ही घर को रोशन करें जिसमें मेरे किसी देशवासी के पसीने की महक हो, मेरे देश के किसी युवा का हुनर लगा हो, उसके बनने में मेरे देशवासियों को रोज़गार मिला हो, रोज़मर्रा की जिन्दगी की कोई भी आवश्यकता हो, हम लोकल ही लेंगे।

उन्होंने कहा कि इस महीने चल रहे खादी महोत्सव ने एक बार फिर बिक्री के अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आपको एक और बात जानकर भी बहुत अच्छा लगेगा कि दस साल पहले देश में जहां खादी प्रोडक्ट्स की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम की थी, अब ये बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच रही है।

श्री मोदी ने कहा कि खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है इसका फायदा शहर से लेकर गावं तक में अलग-अलग वर्गों तक पहुंचता है। इस बिक्री का लाभ हमारे बुनकर, हस्तशिल्प के कारीगर, हमारे किसान, आयुर्वेदिक पौधे लगाने वाले कुटीर उद्योग सबको लाभ मिल रहा है।

### लहरा रहा स्पोर्ट्स का भी परचम

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में इस समय देश में स्पोर्ट्स का भी परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियाई खेलों के बाद पैरा एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। इन खेलों में भारत ने 111 मेडल जीतकर एक नया इतिहास रच दिया है। मैं पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

श्री मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म-जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी उन्हें कई वजहों से याद करते हैं और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह है, देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोड़ने में उनकी अतुलनीय भूमिका।



### 15 नवंबर: जनजातीय गौरव दिवस

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा। यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म-जयंती से जुड़ा है। भगवान बिरसा मुंडा हम सब के हृदय में बसे हैं। सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। उन्होंने विदेशी शासन को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहां अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले।

श्री मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना इस पर भी हमेशा जोर दिया। आज भी हम देख सकते हैं कि हमारे आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की देखभाल और उसके संरक्षण के लिए हर तरह से समर्पित हैं। हम सबके लिए हमारे आदिवासी भाई-बहनों का ये काम बहुत बड़ी प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि आज जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जहां हमें नारी शक्ति का सामर्थ्य देखने को नहीं मिल रहा हो। इस दौर में जब हर तरफ उनकी उपलब्धियों को सराहा जा रहा है, तो हमें भक्ति की शक्ति को दिखाने वाली एक ऐसी महिला संत को भी याद रखना है, जिसका नाम इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज है। देश इस वर्ष महान संत मीराबाई की 525वीं जन्म-जयंती मना रहा है। वो देशभर के लोगों के लिए एक प्रेरणाशक्ति रही हैं। ■

# श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री को मिला आमंत्रण

उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपत राय समेत ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्री मोदी से 25 अक्टूबर को मुलाकात की और उन्हें श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यौता दिया।



श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि 'जय सियाराम'! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है।

उन्होंने कहा कि मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।"




## कमल संदेश के आजीवन सदस्य बनें

**आज ही लीजिए कमल संदेश की सदस्यता और दीजिए राष्ट्रीय विचार के संवर्धन में अपना योगदान!**

**सदस्यता प्रपत्र**

नाम : ................................................................................................

पूरा पता : ............................................................................................

..........................................................................................................

.................................................................................... पिन : ...................

दूरभाष : ........................ मोबाइल : (1)........................ (2)........................

ईमेल : ................................................................................................

| सदस्यता | एक वर्ष | ₹350/- | ☐ | आजीवन सदस्यता (हिन्दी/अंग्रेजी) | ₹3000/- | ☐ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | तीन वर्ष | ₹1000/- | ☐ | आजीवन सदस्यता (हिन्दी+अंग्रेजी) | ₹5000/- | ☐ |

(भुगतान विवरण)

चेक/ड्राफ्ट क्र. :.............................. दिनांक :........................ बैंक : ..............................

नोट : डीडी / चेक '**कमल संदेश**' के नाम देय होगा।
मनी आर्डर और नकद पूरे विवरण के साथ स्वीकार किए जाएंगे।

(हस्ताक्षर)

**अपना डीडी/चेक निम्न पते पर भेजें**
डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास, पीपी-66, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, नई दिल्ली-110003
फोन: 011-23381428 फैक्स: 011-23387887 ईमेल: kamalsandesh@yahoo.co.in

कमल संदेश: राष्ट्रीय विचार की प्रतिनिधि पाक्षिक पत्रिका



सीधी (मध्य प्रदेश) में 07 नवंबर, 2023 को एक
विशाल जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



मडगांव (गोवा) में 26 अक्टूबर, 2023 को पंडित जवाहरलाल नेहरू
स्टेडियम में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



नई दिल्ली से 28 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय रोजगार मेले को
संबोधित करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम (नई दिल्ली) में 01 नवंबर, 2023
को एशियाई पैरा खेलों के लिए भारतीय दल के साथ एक समूह चित्र में
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



कर्तव्य पथ (नई दिल्ली) में 31 अक्टूबर, 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश
अभियान' के तहत अमृत कलश यात्रा समापन के अवसर पर आयोजित
कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



केवडिया (गुजरात) में 31 अक्टूबर, 2023 राष्ट्रीय एकता दिवस
परेड में सम्मिलित होते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



**कमल संदेश**
**अब इंटरनेट पर भी उपलब्ध**
लॉग इन करें:
**www.kamalsandesh.org**
राष्ट्रीय विचार की प्रतिनिधि पाक्षिक पत्रिका

@Kamal.Sandesh
@KamalSandesh
kamal.sandesh
KamalSandeshLive



प्रेषण तिथि: (i) 1-2 चालू माह (ii) 16-17 चालू माह
डाकघर: लोदी रोड एचओ., नई दिल्ली "रजिस्टर्ड"
36 पृष्ठ कवर सहित
प्रकाशन तिथि: 14 नवंबर, 2023
आर.एन.आई. DELHIN/2006/16953
डी.एल. (एस)-17/3264/2021-23
Licence to Post without Prepayment
Licence No. U(S)-41/2021-23













छायाकार: अजय कुमार सिंह